

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



धनुष की कुबेर ......

सन ऑफ 2 में नजर ........

वर्ष : 11 | अंक : 207 | लखनऊ, 14 जुलाई, सोमवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# खास शख्सियतें अब राज्यसभा में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उज्ज्वल निकम समेत चार दिग्गजों को किया नामित

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार, 12 जुलाई, 2025 को राज्यसभा के लिए चार प्रतिष्ठित व्यक्तियों को नामित किया है। इन नामित सदस्यों में प्रख्यात वकील उज्ज्वल निकम, अनुभवी राजनयिक हर्षवर्धन श्रृंगला, जानी-मानी इतिहासकार डॉ. मीनाक्षी जैन और केरल के शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता सी. सदानंदन मास्टर शामिल हैं।

एक आधिकारिक राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, यह नामांकन पूर्व नामित सदस्यों के सेवानिवृत्त होने से खाली हुई सीटों को भरने के लिए किया गया है। राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 80(1)(ए) में मिली अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन नामों को मंजूरी दी है। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति को साहित्य, विज्ञान, कला और समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखने वाले व्यक्तियों को राज्यसभा में नामित करने का अधिकार देता है।

उज्ज्वल निकम भारत के सबसे प्रमुख लोक अभियोजकों में से एक हैं। वे 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों सहित कई हाई-प्रोफाइल आपराधिक मामलों में विशेष लोक अभियोजक के रूप में अपनी भूमिका के लिए प्रसिद्ध हैं। 2024 के आम चुनावों में, भाजपा ने उन्हें मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया था, हालांकि उन्हें कांग्रेस उम्मीदवार वर्षा गायकवाड़ से हार का सामना करना पड़ा था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निकम को बधाई देते हुए कहा, श्री उज्ज्वल निकम का कानूनी क्षेत्र और हमारे संविधान के प्रति समर्पण अनुकरणीय है। उन्होंने हमेशा संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने और आम नागरिकों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए काम किया है। यह खुशी की बात है कि भारत के राष्ट्रपति ने उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है।

### डॉ. मीनाक्षी जैन : शिक्षा और इतिहास की प्रसिद्ध विद्वान



इस सूची में प्रसिद्ध इतिहासकार और दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में इतिहास की पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी जैन का नाम भी शामिल है। भारतीय इतिहास के क्षेत्र में उनके कार्यों और शिक्षा जगत में उनके योगदान को व्यापक रूप से मान्यता मिली है।

प्रधानमंत्री ने कहा, यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि डॉ. मीनाक्षी जैन जी को राष्ट्रपति जी द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है। उन्होंने एक विद्वान, शोधकर्ता और इतिहासकार के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।


### हर्षवर्धन श्रृंगला : अनुभवी राजनयिक और रणनीतिक विचारक



पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने संयुक्त राज्य अमेरिका, बांग्लादेश और थाईलैंड में राजदूत सहित कई महत्वपूर्ण राजनयिक पदों पर कार्य किया है। उन्होंने 2023 में भारत की G-20 अध्यक्षता के लिए मुख्य समन्वयक के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने श्रृंगला को बधाई देते हुए कहा, श्री हर्षवर्धन श्रृंगला जी ने एक राजनयिक, बुद्धिजीवी और रणनीतिक विचारक के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने भारत की विदेश नीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुझे खुशी है कि उन्हें राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिए नामित किया गया है। उनके अद्वितीय दृष्टिकोण संसदीय कार्यवाही को और समृद्ध करेंगे।

### सी. सदानंदन मास्टर : साहस और सामाजिक सेवा



केरल के सी. सदानंदन मास्टर एक वरिष्ठ शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जिनका लंबे समय से भाजपा से जुड़ाव रहा है। उन्होंने 2021 का केरल विधानसभा चुनाव लड़ा था। वे 1994 में एक क्रूर राजनीतिक हिंसा में बच निकलने के लिए भी जाने जाते हैं, जब उन पर हमला किया गया था और उनके दोनों पैर काट दिए गए थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर सदानंदन मास्टर को बधाई दी, श्री सी. सदानंदन मास्टर का जीवन साहस और अन्याय के आगे न झुकने की भावना का प्रतीक है। हिंसा और धमकी राष्ट्रीय विकास के प्रति उनके जज्बे को डिगा नहीं सकी। एक शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी उनके प्रयास सराहनीय हैं।

## तेलंगाना में स्थानीय निकाय चुनाव में पिछड़े वर्गों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण वाला अध्यादेश जारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, तेलंगाना सरकार ने 2018 में विधानसभा से पारित एक अधिनियम में संशोधन करके स्थानीय निकाय चुनाव में पिछड़े वर्गों को 42 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रावधान वाला एक अध्यादेश जारी किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्य मंत्रिमंडल ने 10 जुलाई को अध्यादेश जारी करने का निर्णय लिया। अध्यादेश जारी करने के लिए शनिवार को धन्यवाद देने आए पिछड़ा वर्ग संघों के नेताओं को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में कांग्रेस ने पिछड़े वर्गों की आकांक्षाओं को पूरा किया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में रेड्डी के हवाले से कहा गया है कि कांग्रेस सरकार ने राहुल गांधी द्वारा अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिए गए वचन के अनुसार राज्य में जाति सर्वेक्षण भी पूरा कर लिया है।

### मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10


## अमरनाथ यात्रा: जम्मू आधार शिविर से 7,000 से अधिक तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रविवार को 7,049 तीर्थयात्रियों का 12वां जत्था जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 1,423 महिलाओं, 31 बच्चों और 136 साधुओं व साध्वियों सहित तीर्थयात्री तड़के कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अलग-अलग काफिलों में अनंतनाग के नुनवान-पहलगाम और गांदरबल के बालटाल आधार शिविरों के लिए रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया कि 4,158 तीर्थयात्री 148 वाहनों के काफिले में पहलगाम आधार शिविर जा रहे हैं, जबकि 138 वाहनों में सवार 2,891 तीर्थयात्री बालटाल मार्ग पर बढ़ रहे हैं। अमरनाथ की 38 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा तीन जुलाई को दोनों मार्गों से शुरू हुई और यह नौ अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी। अब तक लगभग 1.83 लाख तीर्थयात्री इस मंदिर में दर्शन-पूजन कर चुके हैं।

# एयर इंडिया पायलटों के साथ विमान दुर्घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट की समीक्षा करेगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, एयर इंडिया ने शनिवार को कहा कि वह 12 जून को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट की समीक्षा के लिए आने वाले दिनों में विशेष सत्र आयोजित करेगी, जिनमें पायलटों को भी शामिल किया जाएगा।

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एआईआईबी) ने शनिवार सुबह 15 पृष्ठों की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट जारी की। इसमें पाया गया कि एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई171 के दोनों इंजनों को ईंधन की आपूर्ति एक सेकंड के अंतर में बंद हो गई थी, जिससे कॉकपिट में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई और विमान उड़ान भरने के लगभग तुरंत बाद ही वापस जमीन पर गिर गया।

एयर इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (उड़ान परिचालन) मनीष उप्पल ने पायलटों को लिखे एक पत्र में कहा, 12 जून को अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रही हमारी उड़ान संख्या एआई171 से जुड़ी हालिया दुखद दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट आधिकारिक तौर पर जारी कर दी गई है।

विमानन पेशेवर होने के नाते, हम समझते हैं कि सुरक्षा से जुड़ी हर घटना से सुरक्षित उड़ान सुनिश्चित करने के लिए सीख लेना सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी ने विमानन जगत और एयर इंडिया के पायलट समुदाय को गहराई से प्रभावित किया है। उन्होंने पत्र में कहा, प्रारंभिक रिपोर्ट एयरलाइन को शुरूआती जानकारी देती है। यह अंतिम निर्णय नहीं है, बल्कि कारकों की पहचान करने और यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कि ऐसी त्रासदी को रोकने के लिए सभी संभव उपाय किए जाएं। उन्होंने पत्र में यह भी कहा कि पायलटों को दबाव का सामना करने, लगातार सीखने और सबसे जरूरी समय पर निर्णायक रूप से काम करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। उप्पल ने पत्र में कहा, हम आने वाले दिनों में रिपोर्ट की समीक्षा के लिए एक विशेष सत्र आयोजित करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमरनाथ गुफा मंदिर में शनिवार को 19,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दक्षिण कश्मीर हिमालय क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध अमरनाथ गुफा मंदिर में 19,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने शिवलिंग के दर्शन किए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन जुलाई को यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 1,82,746 यात्री बाबा बर्फानी दर्शन कर चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को कुल 19,020 तीर्थयात्रियों ने 3,800 मीटर ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने बताया कि यात्रियों में 13,980 पुरुष, 4,272 महिलाएं, 225 बच्चे, 103 साधु, 20 साध्वी और 420 सुरक्षा बल के जवान शामिल थे।

### यूक्रेन: रूसी ड्रोन, क्रूज मिसाइल व बम हमलों में कम से कम छह लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, रूस ने शुक्रवार रात से हमले तेज करते हुए यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन और मिसाइल से बमबारी की, जिसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। रूस के इन हमलों के बाद तीन साल से अधिक पुराने युद्ध के समाप्त होने की संभावनाएं और क्षीण हो गई हैं। क्षेत्रीय गवर्नर रुस्लान जापारानियुक ने शनिवार को बताया कि रूसी सेना ने दक्षिण-पश्चिमी यूक्रेन के चेर्निव्सि क्षेत्र के बुकोविना क्षेत्र पर चार ड्रोन और एक मिसाइल से हमला किया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए।

## लाडली बहना योजना के तहत महिलाओं को रक्षा बंधन पर 250 रुपये का उपहार मिलेगा: मोहन यादव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को कहा कि राज्य में लाडली बहना योजना की लाभार्थी करीब 1.27 करोड़ महिलाओं को राखी उपहार के रूप में 250 रुपये मिलेंगे और अक्टूबर से उनकी मासिक सहायता राशि बढ़ाकर 1,500 रुपये कर दी जाएगी। फिलहाल इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को 1250 रुपये प्रतिमाह मिलते हैं। यादव ने घोषणा की, रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के बीच अटूट प्रेम का प्रतीक है...नौ अगस्त को राखी है और भाइयों के लिए अपनी बहनों को उपहार देना उचित ही है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि स्नेह के प्रतीक के रूप में हर लाडली बहना (नौ अगस्त से पहले) तक 250 रुपये पहुंच जाएं। वह उज्जैन जिले के नलवा गांव में आयोजित एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे, जहां विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को वित्तीय सहायता वितरित की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लाडली बहना योजना के तहत मासिक सहायता को धीरे-धीरे बढ़ाकर 3,000 रुपये करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक सरकारी बयान के मुताबिक यादव ने कहा , दिवाली के बाद भाई दूज (23 अक्टूबर) तक मासिक सहायता 1,250 रुपये से बढ़ाकर 1,500 रुपये कर दी जाएगी।

## झामुमो का आधिकारिक एक्स खाता हैक: सोरेन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के आधिकारिक एक्स खाते को असामाजिक तत्वों ने हैक कर लिया है। सोरेन इस समय अपने पिता एवं झामुमो संस्थापक शिबू सोरेन के इलाज के सिलसिले में दिल्ली में हैं। सोरेन ने सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट में कहा, झामुमो के आधिकारिक एक्स खाते को असामाजिक तत्वों ने हैक कर लिया है। मुख्यमंत्री ने झारखंड पुलिस को कार्रवाई शुरू करने का निर्देश देते हुए कहा, इस मामले पर संज्ञान लें, इसकी जांच करें और तत्काल कार्रवाई करें।

## केंद्रीय मंत्री रीजीजू ने रोजगार मेले में 100 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को नगालैंड के दीमापुर में आयोजित रोजगार मेले के दौरान युवाओं को 100 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री रीजीजू ने मेले में शामिल होने के बाद एक्स पर पोस्ट किया, 107 नियुक्ति पत्र व्यक्तिगत रूप से सौंपे गए और 239 और ईमेल के माध्यम से साझा किए गए, इसके लिए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की लुमडिंग डिवीजन को धन्यवाद।

उन्होंने कहा, रोजगार मेला सिर्फ भर्ती (के उद्देश्य से) नहीं है, यह राष्ट्र निर्माण है। उन्होंने सभी नए भर्ती हुए लोगों को गर्व के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्हें बधाई देते हुए उन्होंने कहा, आपकी यात्रा एक विकसित भारत के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रीजीजू ने घोषणा की कि देशभर में 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा रहे हैं, जिनमें रेलवे, डाक सेवाएं, बैंक, शिक्षा, श्रम एवं रोजगार तथा गृह मंत्रालय जैसे विभिन्न सरकारी विभाग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला युवा सशक्तीकरण और तीव्र भर्ती के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है।

## कांग्रेस की रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए सोनिया गांधी ने बुलाई 15 जुलाई को बैठक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी संसद के मानसून सत्र के लिए पार्टी की रणनीति को अंतिम रूप देने के वास्ते मंगलवार को एक अहम बैठक की अध्यक्षता करेंगी।

संसद के मॉनसून सत्र के हंगामेदार रहने की उम्मीद है क्योंकि कांग्रेस पार्टी सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की योजना बहा रही है। विपक्षी दल बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी निर्वाचन आयोग के कदम पर कड़ी आपत्ति जता सकते हैं। इसके अलावा कांग्रेस पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद की कूटनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की मांग भी करती रही है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता पतिपक्ष राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। बैठक की अध्यक्षता सोनिया गांधी अपने 10 जनपथ स्थित आवास पर करेंगी। सरकार ने घोषणा की है कि संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक जारी रहेगा, जो पहले से तय समय से एक सप्ताह ज्यादा है। इससे बड़ी विधायी कार्यसूची का संकेत मिलता है। पहले यह सत्र 12 अगस्त को समाप्त होना था लेकिन अब इसे एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया गया है। लंबी अवधि वाला सत्र ऐसे समय में हो रहा है जब सरकार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी क्षेत्र के प्रवेश को सुगम बनाने सहित कई प्रमुख विधेयक लाने की योजना बना रही है। सरकार, परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम और परमाणु ऊर्जा अधिनियम में संशोधन करने की योजना बना रही है ताकि परमाणु क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोलने संबंधी केंद्रीय बजट की घोषणा पर अमल किया जा सके। विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर पर बहस की मांग कर रहा है। विपक्षी दल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे पर भी सरकार से जवाब मांग रहे हैं जिसमें उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष को समाप्त कराने में मध्यस्थता का दावा किया है। हालांकि सरकार ने ट्रंप के दावों को खारिज किया है।

# विभागाध्यक्ष के यौन उत्पीडन से तंग छात्रा ने खुद को लगाई आग

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, ओडिशा के बालासोर जिले में यौन उत्पीडन से परेशान एक कॉलेज छात्रा द्वारा खुद को आग लगाने की दिल दहला देने वाली घटना ने राज्य में हडकंप मचा दिया है। छात्रा ने अपने विभागाध्यक्ष पर बार-बार यौन संबंध बनाने की मांग करने और इनकार करने पर उसका भविष्य बर्बाद करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। बालासोर में कॉलेज छात्रा के आत्मदाह के प्रयास के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। कॉलेज प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया है, जबकि आरोपी विभागाध्यक्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### छात्रा की हालत गंभीर

रिपोर्ट्स के अनुसार, बालासोर के एफएम स्वायत्त कॉलेज की द्वितीय वर्ष की इंटीग्रेटेड बी.एड. छात्रा ने विभागाध्यक्ष और सहायक प्रोफेसर समीर कुमार साहू के उत्पीडन से तंग आकर खुद को आग लगा ली। वह 90 प्रतिशत से अधिक जल चुकी है और उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। उसे बचाने की कोशिश करने वाला एक साथी छात्र भी 70 प्रतिशत तक जल गया है। दोनों का इलाज एम्स भुवनेश्वर में चल रहा है।

### मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने किया दौरा

घटना की गंभीरता को देखते हुए ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव ने एम्स भुवनेश्वर पहुंचकर छात्रा और उसके माता-पिता से मुलाकात की। मुख्यमंत्री माझी ने मीडिया से बातचीत में कहा, भुवनेश्वर एम्स में उनका इलाज चल रहा है। अभी मरीज की हालत बहुत नाजुक है। मेडिकल टीम इलाज कर रही है... अगले 24 घंटे तक कुछ कहा नहीं जा सकता... हमने परिवार से बातचीत की... हम प्रार्थना करते हैं कि वे जल्दी ठीक हो जाएं।

### राजनीतिक दलों में आक्रोश

इस घटना पर राजनीतिक दलों की तीखी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। बीजेडी के नेताओं ने बालासोर में हुई इस घटना के खिलाफ भुवनेश्वर में मुख्यमंत्री आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। टीएमसी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, अलग दिन, अलग पीडित - भाजपा के राज में वही सडांध।

## संक्षेप

### राष्ट्रीय कल्याण मंच आज सौंपेगा प्राथमिक विद्यालयों के विलय के विरोध में ज्ञापन, कार्यकर्ता करेंगे विरोध प्रदर्शन.......

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में जारी उस आदेश के खिलाफ आज एक अहम विरोध प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें राज्य के कई प्राइमरी स्कूलों को बंद कर अन्य विद्यालयों में मर्ज करने का निर्णय लिया गया है फैसले के विरोध में राष्ट्रीय कल्याण मंच मोहनलालगंज इकाई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता आज दोपहर 12 बजे मोहनलालगंज उपजिलाधिकारी कार्यालय पर एकत्र होकर विरोध दर्ज कराएंगे वही राष्ट्रीय कल्याण मंच के अध्यक्ष अनोद कुमार रावत ने मीडिया को भेजे गए आमंत्रण पत्र में बताया कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय ग्रामीण क्षेत्रों की शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा जिन गांवों में छात्र संख्या कम है वहां के स्कूलों को अचानक बंद कर देना छात्रों की पढ़ाई में रुकावट पैदा करेगा बच्चों को दूर के स्कूलों में भेजना अभिभावकों के लिए भी चुनौतीपूर्ण होगा जिससे शिक्षा का स्तर गिरने की आशंका है उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह स्कूलों को बंद करने की बजाय उनमें आधारभूत सुविधाएं बढ़ाए शिक्षक नियुक्त करे और छात्र संख्या बढ़ाने के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए वही मर्ज किए गए स्कूलों को तत्काल पूर्ववत चालू किया जाना चाहिए।कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय कल्याण मंच के कार्यकर्ता और पदाधिकारी दोपहर 12 बजे उपजिलाधिकारी कार्यालय, मोहनलालगंज पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपेंगे इस ज्ञापन में स्कूलों के विलय को तत्काल रद्द करने और बंद विद्यालयों को फिर से खोलने की मांग की जाएगी राष्ट्रीय कल्याण मंच ने सभी स्थानीय पत्रकारों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से अपील की है कि वे इस जनहित से जुड़े आंदोलन को कवरेज देकर सरकार तक ग्रामीण जनता की आवाज पहुंचाने में सहयोग करें इस सरकारी फैसले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भी नाराजगी देखने को मिल रही है। कई अभिभावकों का कहना है कि बिना जानकारी के स्कूलों का मर्ज कर देना बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है उन्होंने मंच की इस पहल को सही ठहराते हुए आंदोलन में सहयोग देने की बात कही है।

# अग्रवाल सभा दक्षिण लखनऊ ने रक्तदान शिविर में रचा सेवा का कीर्तिमान

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। रविवार को आयोजित संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान परिसर में रक्तदान शिविर में समाजसेवा की एक अनुकरणीय मिसाल देखने को मिली इस शिविर में पचास से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता के प्रति अपने उत्तरदायित्व का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया।

### स्वास्थ्य जागरूकता का भी मिला लाभ.........

डॉ. मयंक अग्रवाल ने पुरुषों और महिलाओं में आम यूरोलॉजिकल समस्याओं जैसे प्रोस्टेट ग्रंथि की वृद्धि, मूत्र में रुकावट या रिसाव तथा महिलाओं में मूत्र मार्ग संक्रमण पर व्यावहारिक जानकारी दी उन्होंने इनके कारण लक्षण और रोकथाम के उपाय भी साझा किए जिससे प्रतिभागियों को अत्यंत लाभ हुआ।

### संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान परिसर में पचास सेअधिक रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान, रक्तवीर उपाधि से हुए सम्मानित.......

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में अपोलो अस्पताल के सुप्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट, यूरो-ऑन्कोलॉजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. प्रोफेसर मयंक अग्रवाल उपस्थित रहे उन्होंने रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान केवल जीवनदान नहीं बल्कि समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है उन्होंने रक्तदान के स्वास्थ्य लाभ सामाजिक प्रभाव और जीवन रक्षक पहलुओं को सरल और प्रेरक भाषा में समझाया।



### सुरक्षित एवं तकनीकी रूप से सुसज्जित रहा शिविर......

शिविर की व्यवस्था पूरी तरह तकनीकी और सुरक्षित रही।एक साथ 10झ12 रक्तदाताओं के लिए विशेष काउच, प्रशिक्षित स्टाफ और संक्रमण रहित प्रक्रिया के चलते रक्तदान सरल, त्वरित और सुव्यवस्थित रूप में संपन्न हुआ अग्रवाल सभा की ओर से सभी रक्तदाताओं को 'रक्तवीर' की उपाधि से सम्मानित किया गया साथ ही घोषणा की गई कि सभी रक्तदाताओं को आगामी सितंबर में होने वाली अग्रसेन जयंती समारोह में विशेष प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी समाजसेवा के ऐसे आयोजन निरंतर जारी रहेंगे और अग्रवाल समाज स्वास्थ्य, शिक्षा और सेवा के क्षेत्रों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।इस अवसर पर सभा के संरक्षक माननीय श्री अशोक अग्रवाल अध्यक्ष आलोक गोयल महामंत्री दाऊदयाल अग्रवाल उपाध्यक्ष आलोक सिंघल कोषाध्यक्ष देवेंद्र मित्तल सुधीर अग्रवाल अमर अग्रवाल आशुतोष तुलसियान एवं राजीव अग्रवाल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

सभी रक्तवीरों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और सहयोगियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सभा के समस्त सदस्यों ने कार्यक्रम की सफलता हेतु संरक्षक श्री अशोक अग्रवाल जी के अथक प्रयासों और नेतृत्व की सराहना की।

# एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान में गड़बड़ी आने से उड़ान को किया गया रद्द,

### विमान में 150 यात्री हो चुके थे सवार जानकारी होने से यात्रियों ने जमकर काटा हंगामा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से हैदराबाद जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान में रविवार सुबह अचानक तकनीकी गड़बड़ी आ गई। जिससे उड़ान को रद्द कर दिया गया। विमान में 150 यात्री सवार हो चुके थे, उन्हें जानकारी मिली तो उन्होंने जमकर हंगामा काटा। बाद में एयरलाइंस अधिकारियों ने उन्हें समझा बुझाकर शांत किया। एयरपोर्ट सूत्रों की माने तो लखनऊ से सुबह 8:40 बजे उड़ान भरकर 10:55 बजे हैदराबाद पहुंचने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 2816) की बोर्डिंग हो चुकी थी। उसमें 150 यात्री बैठ चुके थे और विमान उड़ान भरने के लिए तैयार था। लेकिन उड़ान से पहले ही पायलट को विमान में तकनीकी गड़बड़ी का संदेह हुआ। इस पर उसने इसकी सूचना एयरलाइन्स अधिकारियों के साथ ही एटीसी को दी। इसके बाद इंजीनियरों की टीम लगाई गई। लेकिन काफी देर तक मशक्कत करने के बाद भी खराबी दूर नहीं हो सकी। इसके बाद इस उड़ान को रद्द कर दिया गया। जब इसकी जानकारी विमान में सवार यात्रियों को हुई तो वह हंगामा करने लगे। सूत्रों ने बताया कि हंगामा बढ़ता देख एयरलाइन्स अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें किसी तरह समझाया बुझाया। सूत्र ने बताया कि विमान के कुछ यात्रियों को होटल में ठहराया गया है, जबकि कुछ यात्रियों को टिकट के पैसे भी रिफंड कर दिए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि होटल में ठहराए गए यात्रियों को एयरलाइंस अधिकारियों ने दूसरे विमान से भेजने का आश्वासन दिया है। वहीं सूत्रों का कहना है कि अगर पायलट को तकनीकी गड़बड़ी की भनक ना लगती, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण अभियान चलाया गया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र स्थित वृन्दावन आवासीय समिति ने एक पेड़ माँ के नाम 2.0 वृक्षारोपण महा अभियान के अंतर्गत एक बृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष इंजीनियर लाल बहादुर पांडेय ने बताया कि समिति के सदस्यों एवं कॉलोनी के प्यारे बच्चों व मातृ शक्तियों के द्वारा इस पुनीत काम में अपना योगदान दिया गया है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि हम सभी को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और इस लोक कल्याणकारी मुहिम में सहभागिता करनी चाहिए।

समिति के संगठन मंत्री गोकरन तिवारी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी पर फैल रहे प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए इस ईश्वरीय कार्य में हम सभी की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। सभी लोगों ने एक स्वर में स्लोगन प्रकृति को हरा भरा बनाना है, एक पेड़ मां के नाम लगाना है के तहत वृहद स्तर पर पौधरोपण किया।



समिति के उप सचिव महेंद्र कुमार मिश्रा ने अपने सुझाव में कहा कि माँ की ममता और प्रकृति की गोद दोनों ही हमारे जीवन के लिए अमूल्य हैं। इसी भाव को समर्पित यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक सुंदर संदेश है कि माँ और प्रकृति की सेवा ही सच्ची पूजा है। इस अवसर पर समिति के जुझारू सदस्य जयदीप शुक्ला ने लोगों से आवाहन किया कि हम सभी मिलकर इस पवित्र अभियान को जन-जन तक पहुँचाएं और अपनी माताओं के नाम एक हरा-भरा भविष्य संजोएँ। समिति के जागरूक सदस्य अतुल कुमार श्रीवास्तव ने सभी से आग्रह किया कि अपने आसपास एक पेड़ अवश्य लगायें।

कार्यक्रम में कॉलोनी के सबसे वृद्ध श्री शिव प्रसाद तिवारी ने एक पेड़ लगाकर हम लोगों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर समिति के भोलेनाथ दुबे, मातृ शक्ति इंद्रावती उपाध्याय, सुनीता सिंह, पार्वती शुक्ला, अनीता दुबे, निशा सिंह, इस्पेक्टर शिव बहादुर पांडेय, विवेक शुक्ला और भविष्य के होनहार बच्चे आकांक्षा, अरनव, बेबी, आरुष आदि मौजूद रहे।

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने ISC टॉपर मेधा प्रसाद को किया सम्मानित, बताया अपनी पीढ़ी की प्रेरणा

### ISC में 99.75%! डॉ. राजेश्वर सिंह ने नेशनल टॉपर मेधा प्रसाद की उपलब्धि को सराहा!

अमन लेखनी समाचार

लखनऊः मेधा प्रसाद ने वास्तव में अपने नाम के सार को साकार किया है, जो ज्ञान, विवेक और बुद्धिमत्ता का प्रतीक है। ISC में 99.75% अंक प्राप्त कर, उन्होंने न केवल शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, बल्कि अपनी पीढ़ी के लिए एक चमकदार उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। उनकी प्रतिबद्धता, विचारों की स्पष्टता और निरंतर कड़ी मेहनत उत्कृष्टता की सच्ची भावना को दशार्ते हैं। इस विचलित समय में, मेधा ने दिखाया है कि एकाग्रता, मूल्य और दृष्टिकोण असाधारण सफलता की ओर ले जाते हैं। उन्होंने अपने परिवार, विद्यालय और पूरे समुदाय को गौरवान्वित किया है और अनगिनत युवा मनों को ऊँचे लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित किया है। ये प्रेरणास्पद शब्द सरोजनीनगर



विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा करउ बोर्ड की राष्ट्रीय टॉपर मेधा प्रसाद को सम्मानित करते हुए शुक्रवार को गोमती नगर स्थित मॉडर्न एकेडमी में आयोजित फेलिसिटेशन सेरेमनी में कहे गए। यह कार्यक्रम ICSE (कक्षा 10) एवं ISC (कक्षा 12) की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजेश्वर सिंह ने मेधावी छात्रों को मेडल, प्रमाण पत्र, स्मृति चिह्न एवं लैपटॉप प्रदान किए और उन्हें शिक्षा, मूल्य और राष्ट्र निर्माण पर केंद्रित संदेश दिया। मेधा प्रसाद को सम्मानित करने के अलावा, डॉ. सिंह ने ICSE स्कूल टॉपर काव्या गुप्ता तथा NEET में ऑल इंडिया रैंक 325 प्राप्त करने वाली अद्विता को भी सम्मानित किया। उन्होंने विद्यालय की पूर्व छात्रा अंतरा हॉवर्ड (वर्तमान मिसेज उत्तर प्रदेश) तथा भारत की अंडर-19 क्रिकेट विश्वकप टीम के सदस्य नमन तिवारी का विशेष उल्लेख करते हुए उन्हें संस्थान द्वारा निर्मित प्रेरणास्रोत बताया।

डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत, डॉ. राजेश्वर सिंह ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए विद्यालय को पाँच लैपटॉप प्रदान किए। उन्होंने विद्यालय निदेशक राजीव तुली, सुनील तुली और सिद्धार्थ तुली की नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शिता की सराहना करते हुए कहा कि इन्होंने मूल्य, अनुशासन और तकनीकी संसाधनों के साथ शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा दिया है। समारोह में डॉ. दीपक अग्रवाल (मुख्य गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट एवं एमडी, ग्लोब मेडिकेयर), डॉ. नारायण प्रसाद (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, नेफ्रोलॉजी, SGPGIMS) और डॉ. रेनू सिंह (प्रोफेसर, प्रसूति एवं स्त्री रोग, KGMU) आदि गणमान्य शामिल रहे।

# एयर इंडिया की उड़ान में शिवसेना (यूबीटी) के प्रदेश अध्यक्ष को परोसा गया फफूंदी लगा बर्गर

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की उड़ान में शिवसेना (यूबीटी) के प्रदेश अध्यक्ष को फफूंदी लगा बर्गर परोसा गया। जिससे वह भड़क गए। उन्होंने एयर होस्टेस से इसकी शिकायत की। तब दूसरा बर्गर दिया गया। इस मामले में प्रदेश अध्यक्ष की ओर से शिवसेना के पदाधिकारी ने सोशल मीडिया के जरिए केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित सिंधिया और एयर इंडिया अधिकारियों से शिकायत की है। वहीं शिवसेना प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि वह लखनऊ वापस आकर संबंधितों से इसकी शिकायत करेंगे। सरोजनी नगर के सैनिक हाउसिंग सोसायटी कॉलोनी निवासी ठाकुर अनिल सिंह शिवसेना (यूबीटी) के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उनका कहना है कि बीती 11 जुलाई की शाम



वह लखनऊ से शाम 8:55 बजे दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान (एआई 812) के लिए 15580 रुपए की टिकट लेकर विमान पर सवार हुए। उनका कहना है कि वह विमान से दिल्ली जा रहे थे, तभी रास्ते में उन्हें डिब्बे में पैक बर्गर दिया गया। जब उन्होंने खोलकर देखा तो बर्गर में फफूंदी लगी हुई थी। इस पर उन्होंने एयर होस्टेस से इसकी शिकायत की, लेकिन उसने नजर अंदाज कर दिया। इसके बाद जब अनिल सिंह काफी नाराज हुए तब एयर होस्टेस ने दूसरा बर्गर लाकर दिया। लेकिन उसमें फफूंदी नहीं थी। इस मामले को लेकर प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह ने अपनी पार्टी के कई पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद शिवसेना (यूबीटी) बहराइच के आईटी जिला प्रभारी प्रेम कुमार दुबे ने फेसबुक के जरिए इसकी शिकायत केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और एयर इंडिया से शिकायत की। जिसमें उन्होंने लिखा कि एयर इंडिया की फ्लाइट में शिवसेना उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह को फफूंदी लगा खाना परोसा गया, जो बेहद शर्मनाक है। उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया को टैग कर लिखा कि क्या यात्रियों की जान की कीमत सिर्फ टिकट भर है। यह लापरवाही नहीं अपराध है। आगे उन्होंने लिखा कि ऐसी वर्ल्ड क्लास सर्विस नहीं चलेगी। वहीं शिवसेना (यूबीटी) के प्रदेश प्रभारी विनय शुक्ला ने भी अपने ट्विटर हैंडल के जरिए लिखा कि @UPShivsena अध्यक्ष @thakuranilup को कल लखनऊ-दिल्ली की @airindia फ्लाइट में फफूंदयुक्त खाना परोसा गया। @JM_Scindia, भारी किराया चुकाने के बाद यात्रियों को बेहतर सेवा मिलनी चाहिए। उधर प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह ने वीडियो जारी कर एयर इंडिया के अधिकारियों और संबंधित मंत्री से इस मामले में संज्ञान लेने को कहा है। उन्होंने कहा है कि किराए में इतनी लंबी रकम लेने के बाद भी यात्रियों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि फूड प्रोवाइड करने वाली कंपनी और इस मामले से जुडो लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। नहीं तो शिवसेना इसके खिलाफ आंदोलन करेगी और जीवन के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों को सबक सिखाएगी।

# सावन मास के पहले सोमवार को लाखों शिवभक्त करेंगे भवरेश्वर में जलाभिषेक

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। तीन जनपदों की सीमा में स्थित भवरेश्वर शिव मंदिर पर सावन मास में प्रत्येक सोमवार को लगने वाला मेला काफी प्रसिद्ध है यहाँ प्रत्येक सोमवार को लाखों शिवभक्त भवरेश्वर शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगें वही सावन मास का कल पहला सोमवार है जहाँ निगोहां थाना क्षेत्र से भवरेश्वर 6 किलोमीटर जर्जर मार्ग से लाखों श्रद्धालु अपनी जान जोखिम में डाल कर जलाभिषेक करने पहुचेंगे जहाँ रविवार देर शाम से शिवभक्तों का तांता लगा है भवरेश्वर मन्दिर परिसर में पहुँचकर शिवभक्तों को सई नदी में स्नान व जलाभिषेक करने में कोई परेशानी न हो इसके लिए पुलिस ने कड़े इंतजाम किए हैं यहाँ शिवभक्तों को जलाभिषेक करने के लिए बनाई वही सईनदी में भक्तों को स्नान के लिए सीमा



निर्धारित की गई है भक्तों को उसी सीमा में ही स्नान करना होगा

### तीन जनपदों के हाथ सुरक्षा व्यवस्था

भवरेश्वर मन्दिर तीन जिलों की सीमा पर होने के कारण यहाँ सुरक्षा की व्यवस्था की जिम्मेदारी वैसे पूरी तरह से रायबरेली जनपद की रहती है वही निगोहा पुलिस निगोहां भवरेश्वर मेला मार्ग तक ही सीमित रहती है।हाइवे से लेकर 6 किमी तक मुस्तेद रहती है वही उन्नाव जिले के मौरावां पुलिस कालूखेड़ा से सई नदी के तट तक मौजूद रहती है इसके अलावा भवरेश्वर मन्दिर के चारो ओर पैरा मिलिट्री फोर्स शिवभक्तों की सुरक्षा में लगी रहती है।वहीं एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि मंदिर मार्ग पर दर्शनार्थियों को किसी तरह की समस्या न हो इसके लिए जगह - जगह पुलिस बल तैनात किया गया है।

### भवरेश्वर मंदिर की क्या है कहानी.

तीन जनपदों की सीमा में स्थित भवरेश्वर शिव मंदिर को मुगल शासन में औरंगजेब की सेना शिवलिंग को हथोड़े से तोड़ रही थी शिवलिंग से निकले भंवरों ने आक्रमण कर दिया भंवरो के द्वारा आक्रमण का सिलसिला लगातार जारी रहा अंततः औरंगजेब की सेना को पीछे हटना पड़ा इसके बाद से ही इस शिवलिंग का नाम भवरेश्वर के नाम से इस शिवलिंग की पूजा अर्चना व जलाभिषेक किया जाने लगा आज महाशिवरात्रि पर्व पर सावन माह के प्रत्येक सोमवार को लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होती है।

# दिल्ली से बिहार जा रही प्राइवेट वोल्वो बस में तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से मारी जोरदार टक्कर

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में शनिवार देररात दिल्ली से बिहार जा रही एक प्राइवेट वोल्वो बस में तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार ठोकर मार दी, जिससे बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हालांकि इस घटना में किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई। लेकिन ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद एनएचएआई के कर्मचारियों ने घायल ट्रक चालक को सरोजनी नगर सीएचसी पहुँचाया। जहां से उसे लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं बस पर सवार यात्रियों को दूसरी बस से बिहार के लिए रवाना कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक बिहार के मोतिहारी जिले में रहने वाला



बस चालक सुजीत सिंह गाँव में ही रहने वाले परिचालक अनिल राम के साथ वोल्वो बस लेकर दिल्ली से बिहार जा रहा था। बस में 40 यात्री सवार थे। शनिवार रात करीब 1:30 बजे वह जैसे ही हरदोई रोड की तरफ से किसान पथ होते हुए रायबरेली रोड की तरफ जा रहा था। तभी सरोजनी नगर में गहरू - पिपरसण्ड के बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बस में जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर लगते ही बस पर सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हालाकि इस घटना में बस पर सवार किसी यात्री को कोई चोट नहीं आई। लेकिन बस का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि इस हादसे में रायबरेली जिले का ट्रक चालक सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद पहुंचे एनएचएआई कर्मचारियों ने आनन फानन सूरज को सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लेकिन वहां से चिकित्सकों ने उसे लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल लोक बंधु अस्पताल में उसका इलाज जारी है। वहीं घटना के बाद बस में सवार सभी यात्रियों को दूसरी बस से बिहार के लिए रवाना कर दिया गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग किशोरी लापता

### पिता ने एक युवक पर बहला फुसला कर भगा ले जाने का लगाया आरोप,

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में अपनी मौसी के घर छुट्टी बिताने आई गोरखपुर की एक 14 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। जानकारी होने के बाद किशोरी के पिता ने अपने गांव के पड़ोसी गांव में रहने वाले एक युवक के खिलाफ उसे बहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गोरखपुर जिले के पीपीगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले पीड़ित के मुताबिक उसकी 14 वर्षीय बेटी बीते दिनों सरोजनी नगर में रहने वाले अपने मौसा के यहां छुट्टी बिताने आई थी। लेकिन बीती 7 जुलाई को सुबह करीब 10 बजे वह अचानक घर से लापता हो गई। जानकारी होने के बाद रिश्तेदारी और परिचितों के यहां उसकी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। बाद में खोजबीन के दौरान पता चला कि पीपीगंज थाना क्षेत्र में ही पड़ोसी गांव का रहने वाला इस्लाम का बेटा रिजवान उसे अपने साथ कहीं भगा ले गया है। यह जानकारी होने के बाद जब रिजवान के मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उसका मोबाइल लगातार स्विच ऑफ बता रहा है। फिलहाल पीड़ित परिजनों की तहरीर पर सरोजनी नगर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस रोड के पिलर में जा टकराई,बाल बाल बचे यात्री

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा इलाके में शनिवार देर शाम तेज रफ्तार रोडवेज बस एक कार में ठोकर मारने के बाद अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर को तोड़ते हुए एलिवेटेड रोड के पिलर में जा टकराई। इस हादसे में बस में सवार यात्री बाल बाल बच गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सभी सवारियों को बस से नीचे उतारा और दूसरी बस से उन्हें गंतव्य भेज दिया। वहीं घटना के बाद बस चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस के मुताबिक उन्नाव निवासी रोडवेज बस चालक संतोष कुमार कानपुर से उन्नाव डिपो की रोडवेज बस (यूपी35 टी 9181) में करीब 20



सवारियां लेकर शनिवार देर शाम लखनऊ के चारबाग आ रहा था। तभी बंथरा थाना क्षेत्र में सरोज पाइप फैक्ट्री के पास तेज रफ्तार बस आगे चल रही कार में ठोकर मारने के बाद अनियंत्रित हो गई और कानपुर रोड का डिवाइड तोड़ते हुए लखनऊ -कानपुर एक्सप्रेसवे एलिवेटेड रोड के पिलर से जा टकराई। इस दौरान बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। जब तक बस पर सवारी यात्री कुछ समझ पाते, तब तक बस चालक अपनी बस छोड़कर वहाँ से भाग निकला। इस हादसे में बस में सवार यात्रियों को मामूली चोटे आई। बाद में सूचना पाकर पहुँची पुलिस ने सभी यात्रियों को बस से नीचे उतारकर दूसरी बस से गंतव्य भेज दिया। उधर पुलिस का कहना है कि इस मामले में कार चालक ने कोई लिखित शिकायत नहीं की है, बल्कि वह भी घटना के बाद अपनी कार लेकर चला गया।

## संक्षेप

### पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत प्रेमशंकर पुत्र शिवदुलारे लोध निवासी परसंडा पर कुछ वर्ष पूर्व दर्ज हुआ मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन था। न्यायालय द्वारा जारी पेशियों में न जाने पर न्यायालय ने वारण्ट जारी किया था। वारंट के आधार पर पुलिस ने हिरासत में लेकर मा०न्याया० भेज दिया। जबकि थाना बारासगवर क्षेत्र के गाँव गंगानगर निवासी संतोष कुमार पुत्र गंगा प्रसाद पर भी आर्म्स एक्ट सम्बन्धित मुकदमा दर्ज हुआ था। वह भी पेशी में नही जा रहा था। उसको भी पुलिस ने गिरफ्तार कर मा०न्याया० भेज दिया।

### फांसी के फंदे पर लटक कर युवक ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत एक युवक ने फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। थाना बिहार की चौकी भगवंतनगर के गाँव बड़ी पनई निवासी वैभव सिंह 26 वर्ष पुत्र अनिल सिंह ने पारिवारिक अनबन की वजह से रविवार दोपहर घर के बाहर बाग में आम के पेड़ से रस्सी द्वारा लटक कर जान दे दी। आस पास के लोगो ने जब वैभव के शव को पेड़ से लटका देखा कोहराम मच गया। परिवार को सूचना दिए जाने पर परिजन बदहवास भागे । स्थानीय लोगो के अनुसार वैभव ने पारिवारिक कलह की वजह से आत्महत्या कर ली। दिवंगत की ढेड़ वर्ष पूर्व शादी हुई थी जब उसकी पत्नी दीपा व माँ मुन्नी देवी शव के पास पहुँची दहाड़े मार मार कर रोने लगी जिससे पूरे गाँव का माहौल गमगीन हो गया। दिवंगत का बड़ा भाई कुलदीप भगवंतनगर कस्बे में ईलेक्ट्रिक की दुकान खोले है। चौकी प्रभारी देवेंद्र अवस्थी ने बताया शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। परिजनों द्वारा अभी कोई तहरीर नही दी गयी है।

### बकरी चरा रही महिला पर गिरी आकाशीय बिजली , हुई मौत

उन्नाव। थाना अजगैन क्षेत्र के झकरी कस्बा निवासी रामदुलारी 65 वर्ष पत्नी गेंदालाल की आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब वह शाम करीब 4 बजे रवनहार गांव के पास स्थित कुलेश्वर बाबा मंदिर के पास बकरी चरा रही थीं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आसमान में तेज गर्जना के साथ अचानक बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आकर रामदुलारी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। थाना अजगैन पुलिस के अनुसार, शव का पंचायतनामा भरकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया इस हादसे से गांव में शोक की लहर फैल गई है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को मुआवजा और सहायता प्रदान किए जाने की प्रशासन से मांग की है।

## मात्र शक्ति आशा बहुवो व आशा संगिनी के विशाल सम्मेलन मे पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने किया सम्मानित






अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के सिकंदरपुर कर्ण के कस्बे मे केशव महराज रिसार्ट मे आयोजित विशाल सम्मान समारोह मे पूरी विधानसभा क्षेत्र के तीनो विकास खंडो की( बीघापुर, सुमेरपुर, सिकंदरपुर )आशा बहुओं का सम्मान करके आशीर्वाद प्राप्त किया । कार्यक्रम मे आशा संगिनी व आशा बहुओं की भारी उपस्थिति रही कार्यक्रम मे बोलते हुवे पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आशा बहुओ के कठिन परिश्रम व कार्य करने मे होने वाली कठिनाई के बावजूद कर्तव्यनिर्वाहन मे 24 घंटे समाज के लिये हर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान करवाने के लिये कटिबद्ध रहती है आशा बहुओ की संजीदगी से हर वर्ष हमारे समाज की सैकड़ों महिलाओ को प्रसव व स्वास्थ्य संबंधी खतरे से बचाने मे पूरी मदद करती है, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अन्य के लिये आप आशा बहुवे होंगी लेकिन हमारे लिये आप आशा बहने है आपने समाज मे स्वास्थ्य के क्षेत्र जो अमिट योगदान दिया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है आप सभी को बारम्बार प्रणाम करता हूँ ।

कार्यक्रम का संचालन इकबाल सिंह ने किया, इस मौके पर मुख्य रूप से पवन पासवान ब्लाक प्रमुख पति बीघापुर, आशू राठौर प्रधान, राजबक्स सिंह, नरेंद्र विक्रम सिंह, बीरेंद्र सिंह फौजी,सेनू यादव,राजाराम पाल, महेंद्र सिंह, साहिल सविता, फूलचंद्र यादव, मुन्ना सिंह,धीरेन्द्र बहादुर सिंह, फुन्नी त्रिपाठी, प्रखर सिंह,सुनील सिंह,कमलेश यादव, रामजी यादव,जुगराज सिंह, राघवेंद्र सिंह, अर्चना यादव,सुदामा देवी पटेल,बैजन्ती सिंह, नीतू वर्मा, पुष्पा देवी, लक्ष्मी देवी सविता सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे ।

## शिव मंदिर प्रांगड़ में तीन दिवसीय महारुद्राभिषेक का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।कस्बा में स्थित शिव मंदिर परिसर में तीन दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंग महारुद्राभिषेक का आयोजन हुआ जिसमें जबलपुर से पधारे आचार्यों के द्वारा मंत्रों का उच्चारण के साथ शिव भक्तों ने शिवलिंग पर रुद्राभिषेक किया।

हसनगंज कस्बा के बाहर स्थित शिव मंदिर परिसर में तीन दिवसीय रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ, जिसमें मध्य प्रदेश जिले के जबलपुर से पधारे आचार्य बृजमोहन पाण्डेय , सार्थक मिश्रा , राहुल चतुवेर्दी , जगदीश प्यासी ने रविवार को पार्थिव द्वादश ज्योतिर्लिंग महारुद्राभिषेक मंत्रों के उच्चारण के साथ शुरू करवाया, जिसमे कस्बे के सैकडो शिव भक्तों ने रुद्राभिषेक में भाग लेकर रुद्राभिषेक किया, आचार्य बृजमोहन पाण्डेय ने बताया की सावन का महीना अत्यंत पावन और शुभ माना जाता है।यह पूरा महीना भगवान शिव की आराधना को समर्पित होता है।वेदों में मान्यता है कि जो भक्त इस पवित्र मास में सच्चे मन से भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते हैं, उन्हें महादेव की विशेष कृपा प्राप्त होती है।रुद्राभिषेक के दुसरे दिन शिव भक्तों ने रुद्राभिषेक किया, जिसमें भगवान शिव के रुद्र रूप का अभिषेक विभिन्न पवित्र वस्तुओं जैसे दूध, शहद, जल, दही, घी आदि से हुआ रुद्राभिषेक से व्यक्ति पापों से मुक्ति, दुखों से छुटकारा और महादेव की कृपा प्राप्त होती है। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक शैलेंद्र सिंह ,सचिन गुप्ता, राज नारायण गुप्ता, सत्यम, राजन तिवारी, पप्पू राठौर ,दीपू , मनोज ,वीरेंद्र कुमार शर्मा नितिन आदि लोग रहे।



## पति-पत्नी के 20 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 06,थाना कोतवाली सदर व थाना गंगाघाट से 03-03, थाना बांगरमऊ, थाना औरास व थाना बारासगवर से 02-02, थाना फतेहपुर चौरासी व थाना हसनगंज से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया।उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र समिति एवं सलाहकारों में शिल्पी श्रीवास्तव, डा0 अबसार अली, डा0 सगीर अहमद तथा पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर अवनीश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला हेल्पडेस्क संतोष कुमारी सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, उप निरीक्षक अनिल सिंह, महिला आरक्षीगण सोनम, पूजा चौधरी, नीलम यादव, प्राची चौहान, स्वेता, अल्का यादव, शीलू पाल, दीपा सिंह सेविका का विशेष योगदान रहा।



## तालाब में तब्दील हुआ सीएचसी, कैसे पहुंचे मरीज

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) इन दिनों तालाब में तब्दील हो गया है। लगातार बारिश के चलते अस्पताल परिसर में पानी भर गया है, जिससे मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मरीजों को इलाज के लिए घुटनों तक भरे गंदे पानी को पार करना पड़ रहा है, वहीं डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ इसी पानी में खड़े होकर इलाज करने को मजबूर हैं।अस्पताल का हर कोना, इमरजेंसी रूम तक पानी से लबालब भरा है। अस्पताल का नजारा किसी झील जैसा प्रतीत हो रहा है।यह स्थिति न केवल इलाज में बाधा डाल रही है, बल्कि संचारी रोगों के फैलने का खतरा भी तेजी से बढ़ा रही है।गंदा और ठहरा हुआ पानी मच्छरों व अन्य रोग फैलाने वाले जीवों के लिए अनुकूल माहौल बना रहा है।सरकार ने हर साल की तरह इस बार भी बारिश के पूर्व संचारी रोगों से बचाव के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर जागरूकता अभियान चलाया था, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। जिन संस्थानों को बीमारियों से लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए, वहीं खुद संक्रमण के केंद्र बनते जा रहे हैं।सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी (एमओआईसी) का कहना है कि वे नगरपालिका को कई बार सफाई और जल निकासी की व्यवस्था के लिए लिखित व मौखिक अनुरोध कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि अब तो हाथ जोड़ने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकल रहा।हर साल लाखों स्वाहा स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगरपालिका द्वारा सफाई के नाम पर हर साल लाखों का बजट स्वाहा कर दिया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं होता। अस्पताल में न दवाइयों का छिड़काव हो रहा है, न ही मरीजों की सुविधा के लिहाज से कोई व्यवस्था दिखाई दे रही है। बांगरमऊ नगरपालिका की लापरवाही का खामियाजा अब आम जनता और मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

## गोल्ड मेडल जीत कर अमेरिका में बेटी ने जनपद का नाम किया रोशन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जनपद की बेटी और ITBP कांस्टेबल नितिका वर्मा ने अमेरिका के बर्मिंघम में भारत का नाम रोशन किया है। उन्होंने वर्ल्ड पुलिस फायर गेम्स में डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता।नितिका वर्तमान में पंचकूला में तैनात हैं।नितिका का परिवार साधारण है।वे एक बिस्वा के प्लॉट पर बने छोटे से घर में रहती हैं। उनके पिता रामलाल वर्मा और दादा जिला स्तर के फुटबॉल खिलाड़ी रहे हैं। खेल की यही विरासत नितिका आगे बढ़ा रही हैं।27 जून से 7 जुलाई तक चले इस टूनामेंट में 70 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। नितिका की जीत पर उन्नाव में जश्न का माहौल है।लोग उनके घर बधाई देने पहुंच रहे हैं।नितिका ने मीडिया से बातचीत में कहा कि आर्थिक सहयोग मिलने पर वे एशियन गेम्स और ओलंपिक में भी देश के लिए मेडल जीत सकती हैं। अमेरिका जाने में उन्हें विभाग का पूरा सहयोग मिला।सरकारी स्कूल की छात्रा रहीं नितिका अब तक 18 नेशनल गेम्स में हिस्सा ले चुकी हैं।वे युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद उनका जज्बा देश का नाम रोशन करने का है।

## अंजाम : पुन्नपुर गांव में छत से घुसे चोर, 5 लाख के जेवर और 45 हजार नकद ले गए

अमन लेखनी समाचार



अमेठी के संग्रामपुर क्षेत्र में स्थित पुन्नपुर गांव में शनिवार रात चोरी की वारदात हुई। चोर छत के रास्ते आंगन में उतरे।उन्होंने दो कमरों के दरवाजों की कुंडी तोड़कर अंदर प्रवेश किया।

पीड़ित राम मूरत के अनुसार रात साढ़े नौ बजे परिवार के खाना खाने के बाद सभी सो गए थे। सुबह पांच बजे जागने पर उन्होंने देखा कि दरवाजों की कुंडी टूटी हुई थी। कमरे में रखे बक्से की कुंडी और आलमारी का लॉक भी टूटा था। चोर उनकी पत्नी, बहू और बेटी के जेवरात ले गए। बेटी के इलाज के लिए रखे 45 हजार रुपये की नकदी भी गायब थी।राम मूरत ने बताया कि दो साल के भीतर यह दूसरी चोरी है। पिछली बार पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी, लेकिन अभी तक कोई खुलासा नहीं हुआ।

घटना की सूचना मिलते ही संग्रामपुर थाने से उपनिरीक्षक राम प्रकाश यादव और विनोद कुमार तिवारी मौके पर पहुंचे। एसएचओ बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## नाले में धंसा विद्युत ट्रांसफार्मर विद्युत आपूर्ति हुई ठप



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।गांधी नगर मोहल्ले में भारी बारिश के कारण एक ट्रांसफार्मर नाले में धंस गया है। इस घटना से क्षेत्र में पिछले 14 घंटों से बिजली आपूर्ति बाधित है।गांधी नगर की 500 से अधिक आबादी इस समस्या से जूझ रही है। बिजली न होने से पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है।दुकानें बंद हैं और घरों में इनवर्टर भी जवाब दे चुके हैं।स्थानीय निवासी करन सिंह के अनुसार, बारिश के बाद ट्रांसफार्मर के झुकने की सूचना मिली थी। लेकिन समय पर कार्रवाई न होने से वह नाले में गिर गया। लोगों ने बिजली विभाग को कई बार सूचित किया।बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। टीम ट्रांसफार्मर को नाले से निकालने का काम कर रही है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर जल्द बिजली बहाल की जाएगी।स्थानीय लोग बिजली विभाग की धीमी कार्यप्रणाली से नाराज हैं। वे बिजली आपूर्ति के जल्द बहाल होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## बारिश में जल निकासी की नहीं है कोई व्यवस्था, स्थानीय निवासी परेशान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र स्थित इंदिरा नगर वार्ड नंबर 5 में जलनिकासी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। मामूली बारिश में भी गलियों में पानी भर जाता है। स्थानीय निवासियों ने क्षेत्रीय सभासद मीना कुमारी पर इस समस्या को हल करने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। स्थानीय निवासी रोहित गुप्ता, राजन सिंह और नंदू शर्मा के अनुसार क्षेत्र की जलनिकासी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हल्की बारिश में ही नालियां ओवरफ्लो हो जाती हैं। गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है। इससे बदबू फैलती है और लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। स्कूली बच्चों को कीचड़ भरे रास्तों से गुजरना पड़ता है। कई बार वे फिसलकर चोटिल भी हो जाते हैं।स्थानीय लोगों ने बताया कि वे कई बार सभासद मीना कुमारी से मिल चुके हैं। साफ-सफाई और जलनिकासी की व्यवस्था सुधारने की मांग की है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नालियां महीनों से साफ नहीं हुई हैं। कई जगह नालियों के ढक्कन टूटे हुए हैं। इससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है।स्थानीय महिलाओं ने बताया कि नालियों की बदबू से घरों में रहना मुश्किल हो गया है। बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। डेंगू और मलेरिया का खतरा मंडरा रहा है। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से विशेष सफाई अभियान चलाने और जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।

## चेतावनी बिंदु के करीब पहुंचा गंगा नदी का जलस्तर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगा नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। शुक्लागंज गंगा घाट स्थित जलस्तर मापक केंद्र के अनुसार, शनिवार शाम को नदी का जलस्तर 110.580 मीटर दर्ज किया गया। यह चेतावनी बिंदु 110.710 मीटर से मात्र 29 सेंटीमीटर नीचे है। पिछले 12 घंटों में नदी के जलस्तर में 16 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई है। लगातार हो रही बारिश और पहाड़ी इलाकों में हुई जलवृष्टि के कारण गंगा में उफान आया है। हरिद्वार, बिजनौर और अन्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बांधों से छोड़ा जा रहा पानी भी जलस्तर को प्रभावित कर रहा है। जिले के शुक्लागंज, गंगाघाट और बीघापुर क्षेत्रों में गंगा किनारे बसे गांवों में स्थिति चिंताजनक है। बालू घाट, धौरीखेड़ा, भानमऊ और रामपुर में किसानों की जमीन तेजी से कट रही है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ने अभी तक कटान रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की है। सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। बाढ़ चौकियों को अलर्ट किया गया है। प्रभावित गांवों का निरीक्षण किया जा रहा है। राहत और बचाव कार्यों के लिए टीमें तैयार हैं।गंगाघाट एसडीएम के अनुसार स्थिति नियंत्रण में है। नदी की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। कटान वाले क्षेत्रों में टीमें भेजी जा रही हैं। स्थानीय निवासी प्रशासन से बंधा निर्माण व ठोकर निर्माण की मांग कर रहे हैं।

## खाद व बीज की कालाबाजारी रोकने के लिए किया गया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। खाद और बीज की कालाबाजारी रोकने के लिए जिला कृषि अधिकारी शशांक ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जनपद के विभिन्न विकासखंडों की दुकानों की जांच की। अधिकारी ने दुकानों पर स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड, वितरण रजिस्टर और कैश मेमो की जांच की। मौके पर मौजूद किसानों को निर्धारित दर पर उर्वरक दिलवाया गया। जांच में कई दुकानों में गड़बड़ियां मिलीं। असोहा के गुप्ता खाद भंडार, चंदनखेड़ा के बालाजी खाद भंडार, पुरवा के इफको बाजार और परियर के मिथिलेश बीज भंडार को कारण बताओ नोटिस दिया गया। इन दुकानों में स्टॉक रजिस्टर और रेट बोर्ड में अनियमितताएं मिलीं। कालूखेड़ा स्थित चौरसिया कृषि सेवा केंद्र का लाइसेंस तत्काल निलंबित कर दिया गया। यहां उर्वरक स्टॉक, विक्रय विवरण और कैश मेमो नहीं मिले। अनुचित टैगिंग की शिकायतें भी थीं। जिला कृषि अधिकारी ने सभी विक्रेताओं को नियमानुसार बिक्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक दस्तावेज अपडेट रखें। एक ब्रांड के साथ दूसरे ब्रांड का उर्वरक टैग करके बेचना प्रतिबंधित है। नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस निलंबन या रद्द किया जा सकता है।



## आकाशीय बिजली गिरने से दो भैंसों की मौत, मुआवजा देने की करी मांग

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। देर रात हुई तेज बारिश के बीच आसमानी बिजली ने भी कहर बरपाया। इलाके में आर्थिक तौर पर कमजोर वर्ग के परिवार की दो भैंसों पर आसमानी बिजली गिरी। इस हादसे में दोनों भैंस की मौत हो गई।पीड़ित परिवार के सदस्य विजय शंकर राठौड़ पुत्र चंदन राठौड़ निवासी नैनसुख खेड़ा मजरा सकरौली ने बताया कि उनके पास दो भैंस थी, जिसे उन्होंने बच्चे की तरह पाला था। बीती रात हुई तेज बारिश और तड़के बिजली गिरने से उसकी दोनों भैंसों की मौत हो गई। जिससे उसे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।उनका कहना है कि यह भैंस उनकी आमदनी का भी साधन थी।पारिवारिक सदस्यों ने प्रशासन से इस संबंध में उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि नुकसान की भरपाई की जा सके।वही हल्का लेखपाल कोमल यादव ने बताया कि किसान के नुकसान आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंप दी गई है।

## सावन का पहला सोमवार आज, मंदिरों में तैयारियां पूरी

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। सावन के पहले सोमवार को लेकर शिवालयों में साफ सफाई का दौर दिन भर चलता रहा। मंदिरों को बिजली की झालरों व तोरण पताकाओं से सजाया गयातहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत प्रसिद्ध शक्तिपीठ मंदिर कस्बा बीघापुर गोंडेश्वर मंदिर बक्सर डौंडिया खेड़ा में स्थित मनकामेश्वर मंदिर पाटन सहर्ष लिंगेश्वर महादेव मंदिर कस्बा बिहार सहित कस्बों से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शिव भोले मंदिरों में रविवार को पुजारी सहित अन्य भक्तगणों के द्वारा दिनभर साफ सफाई अन्य व्यवस्थाएं चलती रही जिसके कारण आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की कोई समस्या पैदा ना हो प्रशासन की तरफ से भी लगातार मंदिर के रखरखाव कर रही कमेटियों पुजारी को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं भीड़ भाड़ न होने पाए इसके लिए मंदिर समितियों ने प्रबंध किए हैं। अधिकांश मंदिरों में भगवान शिव विराजमान हैं। स्थित शिवालय में सफाई हुई। इसके बाद सजावट की गई।

## लकड़ी से भरा वाहन पुलिया तोड़कर खाई में गिरा, चालक घायल

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। हरदोई-उन्नाव मार्ग पर भिखारीपुर रुल्ल गांव के सामने एक डीसीएम पुलिया तोड़कर खाई में जा गिरी।हादसे में वाहन चालक अरविंद (22) घायल हो गया। उसे नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अरविंद सुल्तानपुर जिले के कुड़वार थाना क्षेत्र के अलीगंज बाजार का रहने वाला है।घटना सुबह 11 बजे की है। लकड़ी से भरा डीसीएम प्रतापगढ़ से दिल्ली जा रहा था। पुलिया संकरी होने के कारण सामने से आ रहे वाहन को बचाने का प्रयास किया गया। लेकिन ब्रेक फेल होने के कारण वाहन पुलिया तोड़कर पानी से भरी खाई में जा गिरा।थाना प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहन को खाई से निकालकर किनारे कर दिया गया है। मार्ग पर यातायात सामान्य रूप से जारी है।

## मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब बेंचते युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

असोहा, उन्नाव। थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव में देसी शराब के ठेके के बगल में रानीपुर निवासी सुरेश कुमार ठेके से ही खरीद कर ठेका खुलने के पहले ठेके के बगल में बने कैंटीन से दारू की बिक्री कर रहे युवक को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने धर दबोचा पुलिस को देख भागने व दारू फेंकने का प्रयास किया परन्तु रंगे हांथ पकड़ लिया गया , तलासी के दौरान उसके पास से 32 देशी शराब के क्वार्टर मिले । थाना अध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि विधिक कार्यवाही करते हुए सुरेश कुमार को न्यायलय पेश किया गया ।

## सम्पादकीय

# मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण असंवैधानिक नहीं

हर बात का विरोध करने करने वाले विपक्ष को सुप्रीम झटका लगा है। उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जारी रखने की अनुमति दे दी है। चुनाव आयोग ने जब से बिहार में एसआईआर योजना शुरू की है, तब से विपक्ष ने इसे रोकने के हर तरह के हथकंडे अपनाए। इसी कड़ी में आखिरकार मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गया। विपक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर को 'संवैधानिक दायित्व' बताया। विपक्षी दल ने संविधान का उल्लंघन बताते हुए इस कवायद का तीखा विरोध किया था। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस कवायद के समय पर सवाल उठाया और कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर दस्तावेज के तौर पर विचार किया जा सकता है। जैसा कि चुनाव आयोग ने अपनी सफाई में कहा है कि यह उसका देशभर का कार्यक्रम है, लेकिन शुरू बिहार से किया गया है, तो शीर्ष अदालत का प्रश्न जायज है कि बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले क्यों? चुनावों के समय ही चुनाव आयोग को एसआरआई कवायद शुरू करने की जरूरत क्यों पड़ती है। चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और ईमानदारी पर न आवाम को संदेह है और न ही सुप्रीम कोर्ट को, क्योंकि यह एक संवैधानिक दायित्व है, लेकिन इस प्रक्रिया को बहुत पहले शुरू करना चाहिए था। अब चूंकि नवंबर तक विधानसभा चुनाव पूर्ण होने हैं, ऐसे में चुनाव आयोग के पास एसआईआर को पूर्ण करने के लिए बहुत कम समय मिलेगा। ऐसे में सुप्रीम चिंता जायज है। 60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपनी पहचान सत्यापित कर दी है और उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि किसी को भी अपनी बात रखने का अवसर दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी अहम है कि "हम किसी संवैधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसे करना चाहिए, साथ ही, हम उन्हें वह भी नहीं करने देंगे जो उन्हें नहीं करना चाहिए।" सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से कहा कि आपको पहले ही कदम उठाना चाहिए था, अब थोड़ी देर हो चुकी है। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर पूरा करना नामुमकिन जैसा है। विशेष गहन पुनरीक्षण महत्वपूर्ण मुद्दा है, जो लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा है और यह मतदान के अधिकार से संबंधित है। भारत निर्वाचन आयोग ने इस कवायद को न्यायोचित ठहराया है, इसे सकारात्मक रूप में रखा जाना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 326 का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को भारतीय नागरिक होना चाहिए और 'आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। पिछली बार ऐसी कवायद 2003 में की गयी थी। 22 वर्ष बाद फिर हो रही है। राज्य में कई नए पात्र मतदाता होते हैं, जिनका नाम जुड़ना चाहिए, कई लोगों की मृत्यु हो जाती है, इसके साथ ही कई लोग पलायन कर जाते हैं। भारत में घुसपैठ भी बड़ी समस्या है, इसलिए मतदान सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण आवश्यक हैं। लेकिन चुनाव आयोग को यह काम ठीक चुनाव से पहले करने के बजाय समय रहते शुरू करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि चुनाव आयोग जो भी कर रहा है, वह संविधान के दायरे में है, ऐसे में विपक्ष का राजनीतिक विरोध निरर्थक है। निर्वाचन आयोग ने यह आश्वस्त किया है कि किसी को भी अपनी बात रखने का अवसर दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।



**सामरिक**
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

पाक सरकार और उसके सेना प्रमुख आसिम मुनीर भारत को बार-बार गीदड़ भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। 30 जून को मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। भारत को मात देने के लिए चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश मिलकर नया सार्क बनाने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में पड़ोसी दुश्मन देशों पाकिस्तान और चीन के बढ़ते हुए नापाक गठबंधन और उनके द्वारा लगातार आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के परिदृश्य के मद्देनजर भारत को नई आर्थिक शक्ति और नए दौर की उन्नत परमाणु हथियारों की क्षमताओं से सुसज्जित होना जरूरी है।

# उन्नत सैन्य शक्ति बनना जरूरी

यकीनन इस समय भारत का नई वैश्विक आर्थिक शक्ति और उन्नत परमाणु शक्ति बनना जरूरी है। 4 जुलाई को भारतीय सेना के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने न सिर्फ पाकिस्तान को हराया है, बल्कि पाकिस्तान को परोक्ष रूप से हरसंभव सहायता देने वाले चीन और तुर्किए को भी हराया है। यद्यपि हाल ही में एक जुलाई से 31 जुलाई तक एक माह के लिए पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बनने के बाद वह कोई विशेष शक्ति तो नहीं रखता है, फिर भी उसने भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने के कदम उठाने शुरू किए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में बुरी तरह पिटने के बाद भी पाकिस्तान की अकड़ कम नहीं हुई है।

पाक सरकार और उसके सेना प्रमुख आसिम मुनीर भारत को बार-बार गीदड़ भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। 30 जून को मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। भारत को मात देने के लिए चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश मिलकर नया सार्क बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस नए सार्क में दक्षिण एशिया के अन्य देशों को भी शामिल करने की तैयारी है। ऐसे में पड़ोसी दुश्मन देशों पाकिस्तान और चीन के बढ़ते हुए नापाक गठबंधन और उनके द्वारा लगातार आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के परिदृश्य के मद्देनजर भारत को नई आर्थिक शक्ति और नए दौर की उन्नत परमाणु हथियारों की क्षमताओं से सुसज्जित होना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि इजरायल- ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत-पाक संघर्ष के परिणामों का विश्लेषण बताता है कि युद्ध में नई एआई तकनीक और आर्थिक ताकत की अहमियत दिखाई दी है और परमाणु हमले की धमकी बेअसर साबित हुई है। अब पाकिस्तान के द्वारा चीन के सहयोग से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हथियार विकसित किए जाने के मद्देनजर भारत के लिए उन्नत परमाणु शक्ति संपन्न देश बनना भी जरूरी है। चूंकि शक्ति के माध्यम से ही शांति आती है और शक्ति से भविष्य के युद्ध भी रोके जा सकते हैं,अतएव भारत को हर मोर्चे पर शक्तिशाली बनाने के सपने को साकार करने के लिए देश के आसमान छूते वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी- कारोबारी और और पूरे देश का जनबल एकजुटता से कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में 24 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने आर्थिक और सामरिक क्षेत्र को मजबूत बनाया है। भारत ने आतंकवाद के प्रति कठोर नीति अपनाई है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने महज 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। वस्तुतः ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने एआई के उपयोग से पाकिस्तान के लक्षित आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व मिसाल पेश की है। ऐसे में भारत दुनिया की आर्थिक शक्ति बनने, पाकिस्तान और चीन की सैन्य चुनौतियों से मुकाबले के लिए एआई तकनीकों और उन्नत परमाणु हथियारों के शक्ति संपन्न देश बनने की संभावनाओं को साकार कर सकता है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत



को वैश्विक आर्थिक शक्ति बना सकती है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले दिनों दुनिया को हिलाने वाले इजरायल और ईरान के बीच भारत अपने बहुआयामी आर्थिक आधारों से युद्ध की आर्थिक चुनौतियों के बीच सक्षम बनकर मजबूती के साथ खड़ा रहा है। जहां इस युद्ध से दुनिया के कई देशों में पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि, व्यापार में कमी, खाद्यान्न सहित जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति में कमी और शेयर बाजार में गिरावट का परिदृश्य उभरकर दिखाई दिया, वहीं भारत इन सब मुश्किलों के मद्देनजर बेहतर स्थिति में बना रहा है। यह भी महत्वपूर्ण है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के साथ संघर्ष का भी भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर नहीं गिरा।

भारत का बड़ा घरेलू बाजार, निर्यात पर कम निर्भरता, सरकार के भारी पूंजीगत व्यय, बढ़ती क्रय शक्ति, मेक इन इंडिया और कृषि क्षेत्र में ऊंची सफलता ने देश को बाहरी आर्थिक झटकों को झेलने की मजबूती स्थिति में रखा है। युद्ध के दौर में भी भारत के निर्यात बढ़े हैं और भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि हुई है। भारत की विकास दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी रहेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की विश्व आर्थिक परिदृश्य से जुड़ी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2025 में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए दिखाई देगा। ऐसे में अब भारत को दुनिया की नई आर्थिक शक्ति बनाने के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। सूक्ष्म,लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) तेज विकास व रोजगार के लिए एक कारगर हथियार बन सकते हैं । देश से सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) बढ़ाकर व्यापार घाटे में कमी लाई जा सकती हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान, मेक इन इंडिया, जीएसटी और लॉजिस्टिक सुधार के साथ- साथ आर्थिक और वित्तीय सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ा सकते हैं। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगें लगाकर आगे बढ़ रहा है। भारत को सेवा निर्यात की नई वैश्विक राजधानी के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। अब भारत की नई वैश्विक व्यापार रणनीति के तहत नए मुक्त व्यापार समझौतों और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों से व्यापार घाटे में कमी लाने के प्रयास करने होंगे। भारत के द्वारा ब्रिटेन के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते के बाद अब अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के साथ-साथ मुक्त व्यापार समझौतों को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण किए जाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ना होगा। निश्चित रूप से इजरायल-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर का यह भी सबक है कि युद्ध सिर्फ आर्थिक ताकत और अत्याधुनिक एआई तकनीक के दम पर ही लड़े जाते हैं तथा परमाणु हमले की धमकी से युद्ध नहीं जीते जाते हैं। भारत के पास 180 और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं। इस समय पाकिस्तान और चीन की युद्ध चुनौतियों के मद्देनजर भारत के द्वारा परमाणु हथियारों को उन्नत किया जाना भी जरूरी है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि पाकिस्तान भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बुरी तरह पराजित होकर चीन की मदद से अपने परमाणु हथियारों को उन्नत करने की कोशिश में जुट गया है ऐसे में दो शत्रु देश चीन और पाकिस्तान के साथ होने से भारत के लिए एआई, साइबर तकनीक और मिसाइल रक्षा जैसी नई तकनीकों से उन्नत परमाणु शक्ति बनना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार इजरायल-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर से भारत के लिए जो उम्मीदों भरे आर्थिक-सामरिक सबक निकले हैं, उनके मद्देनजर भारत को आर्थिक शक्ति, एआई की नई तकनीकों और उन्नत परमाणु शक्ति सम्पन्न देश बनाने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

**बढ़ती आबादी**
अरविंद जयतिलक



# प्रभावी जनसंख्या नीति की दरकार

भारत चीन को पछाड़कर दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन चुका है। जहां चीन की आबादी 142.57 करोड़ है, वहीं भारत की आबादी 142.86 करोड़ हो चुकी है। गत वर्ष संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के आंकड़ों में कहा गया था कि चीन के मुकाबले भारत में 30 लाख से अधिक लोग हैं। यह पहली बार है जब भारत जनसंख्या सूची में शीर्ष पायदान पर है। इस रिपोर्ट के मुताबिक देश के राज्य केरल और पंजाब में बुजुर्गों की संख्या अधिक है, वहीं बिहार और उत्तर प्रदेश में युवा आबादी सर्वाधिक है। भारत की आबादी आने वाले तीन दशकों तक बढ़ती रहेगी और उसके बाद घटनी शुरू होगी। यानि 2050 तक भारत की आबादी 166 करोड़ के पार पहुंच सकता है। उधर, चीन की आबादी घटकर 131.7 करोड़ रह जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक जब दुनियाभर में जनसंख्या बढ़ने की गति धीमी पड़ रही है, वहीं भारत में सालभर में आबादी 1.56 फीसद बढ़ी है। भारत में जनसंख्या वृद्धि इसलिए है कि नवजात, शिशु और बाल मृत्यु दर में गिरावट आयी है। एक आंकड़े के मुताबिक 2012 में एक वर्ष के कम उम्र के बच्चों की मौत की दर 42 प्रति हजार थी, जो 2025 में घटकर 24.98 प्रति हजार रह गयी है। यह रेखांकित करता है कि भारत में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं लेकिन बढ़ती आबादी के मुताबिक अर्थव्यवस्था को आकार देना बेहद जरूरी है। इस जनसंख्या वृद्धि का सकारात्मक पहलू यह है कि भारत दुनिया की सर्वाधिक युवा आबादी वाला देश बन चुका है लेकिन एक सच यह भी है कि बढ़ती जनसंख्या के सापेक्ष संसाधनों की कमी और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां बढ़ेंगी। इसलिए कि अनुकूलतम जनसंख्या के बिना विकास के अपेक्षित लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता। सच तो यह है कि विगत पांच दशकों में जनसंख्या में निरंतर तीव्र वृद्धि के कारण जनसंख्या विस्फोट की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। विशेषज्ञों की मानें तो जनसंख्या की यह तीव्र वृद्धि आर्थिक विकास के मार्ग को अवरुद्ध कर रही है और कई तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। भारत में जनसंख्या में तीव्र वृद्धि के कारण बेरोजगारी, खाद्य समस्या, कुपोषण, प्रति व्यक्ति निम्न आय, निर्धनता में वृद्धि, मकानों की समस्याएं, कीमतों में वृद्धि, कृषि विकास में बाधा, बचत तथा पूंजी निर्माण में कमी, जनोपयोगी सेवाओं पर अधिक व्यय, अपराधों में वृद्धि तथा शहरी समस्याओं में वृद्धि जैसी ढेर सारी समस्याएं उत्पन हुई हैं। इनमें सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। देश में पूंजीगत साधनों की कमी के कारण रोजगार मिलने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। गौर करें तो रोजगार न मिलने के दो कारण हैं। एक, यह कि सरकारी क्षेत्र में नौकरियां लगातार सिकुड़ रही हैं वहीं दूसरी ओर प्राइवेट क्षेत्र में उन्हीं लोगों को रोजगार मिल रहा है जिन्हें कारोबारी प्रशिक्षण हासिल है। सबसे अधिक बेरोजगारी ग्रामीण क्षेत्रों में है। अगर गांव के पढ़े-लिखे नौजवानों को बागवानी, पशुपालन, पौधरोपण, कृषि यंत्रों की मरम्मत के संबंध में आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए तो बेरोजगारी से निपटने में मदद मिलेगी। तीव्र जनसंख्या वृद्धि के कारण कुपोषण की समस्या भी लगातार सघन हो रही है। यूनाइटेड नेशन के फुड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि भारत में पिछले एक दशक में भूखमरी की समस्या से जुझने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। इफको की रिपोर्ट में भी कहा जा चुका है कि कुपोषण की वजह से देश के लोगों का शरीर कई तरह की बीमारियों का घर बनता जा रहा है। गौर करें तो कुपोषण वास्तव में घरेलू खाद्य असुरक्षा का सीधा परिणाम है। लोगों तक खाद्य की पहुंच सुनिश्चित करके ही कुपोषण को मिटाया जा सकता है। भारत में कुपोषण का सर्वाधिक संकट महिलाओं को झेलना पड़ रहा है। हर वर्ष लाखों गर्भवती महिलाएं उचित पोषण के अभाव में दम तोड़ रही हैं। दक्षिण एशिया में भारत कुपोषण के मामले में सबसे बुरी स्थिति में है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत जनसंख्या की तीव्र वृद्धि को रोकने के लिए नई जनसंख्या नीति को आकार दे। इस पर गहनता से विचार करे कि आखिर भारत के लिए अनकूलतम जनसंख्या क्या हो?

# शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी



संकलित
**दर्शन**

केवल ज्ञान हमारी चेतना का उत्थान नहीं कर सकता है। अनुभव के बिना ज्ञान बिल्कुल वैसा ही है, जैसे कि बिना लक्ष्य की प्राप्ति हुए गधे पर बैठकर दौड़ना। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सीमित व्यक्ति नहीं, बल्कि ईश्वर का अभिन्न अंग हैं। शिव एक खाली स्थान की भांति, दिन और रात, सुख और दुख से अप्रभावित रहते हैं। शिव हमारे भीतर ही रहते हैं और भीतर से ही हमें आशीर्वाद देते हैं। यह वैसा ही है कि जिस प्रकार से बुरे स्वप्न से जागकर हमें यह पता चलता है कि हम सुरक्षित हैं। श्री रुद्रम को सुनने के बाद हमें हमारे वास्तविक स्वभाव के बारे में जागृति होती है, जो ईश्वर ही है। केवल धर्म संस्कार हमारा उत्थान नहीं कर सकते हैं। वास्तविक उत्थान भीतरी रूपांतरण, सरलता और ईश्वर के साथ अपने संबंध को पहचानने से होता है। शिव का सौंदर्य विविधता में मौजूद है। जिस प्रकार से सूर्य का प्रकाश सब जगह एक समान पड़ता है, वैसे ही शिव हर एक चीज में मौजूद है। जैसे - मिट्टी के गड्ढों में, घने जंगलों में, रेगिस्तान और पहाड़ों में, सब जगह पर शिव व्याप्त हैं। शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी। उनका प्रेम सबके लिए है, इसमें कोई शर्त नहीं है और जो जैसा है, उसे शिव वैसे ही स्वीकार करते हैं। हमारी प्रवृत्तियों में मौजूद शत्रु हमारे विकास में बाधा डालते हैं। शिव से जुड़ जाने से, उनकी भक्ति करने से ये सारे भीतरी शत्रु यानी बुराइयां समाप्त हो जाती हैं और हमें बाहरी जगत की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है।

# गुरु ज्ञान से किसी की भी सोच बदल सकता है



संकलित
**प्रेरणा**

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुक थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा की तप में कितना बल है की एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

## गुरु पर्व



गुरुवार को हरिद्वार में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालु जनेऊ संस्कार करते हुए।

## आज की पाती


### नशा बनाता है हैवान

नशा किस तरह किसी व्यक्ति को हैवान बना देता है, इसके बारे में हम खबरों के जरिए भी जानते हैं। इन खबरों में इनसानियत को शर्मसार करने की हरकतों या अपराध का जिक्र होता है। कभी नशे की खातिर कोई अपनी मां की, कोई बाप की, कोई भाई की तो कभी किसी और की हत्या कर देता है। नशा बल-बुद्धि, शरीर और परिवार के लिए घातक होता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है, हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर-परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। मां-बाप अपने बच्चों को लाड़ प्यार से पाल कर उनके भविष्य के लिए सुनहरी सपने संजोते हैं, लेकिन जब कोई बच्चा बचपन या जवानी की दहलीज पर पांव रखते ही नशे के दलदल में धंसना शुरू होता है, तो उन्हें बड़ी परेशानी होती है। *-मुकेश चन्द्राकर, धमतरी*

## करंट अफेयर

### द. अफ्रीका में भारतीय मजदूरों की स्मृति में स्मारक निर्माण

दक्षिण अफ्रीका में 1860 में डरबन तट पर उतरे पहले गिरमिटिया मजदूरों की स्मृति में एक स्मारक का निर्माण शुरू हो गया है। इस स्मारक के निर्माण पर फैसला लगभग एक दशक पहले लिया गया था। इस स्मारक के निर्माण के लिए धन क्वाज़ुलु-नटाल (केजेडएन) प्रांत की प्रांतीय सरकार कर रही है। दक्षिण अफ्रीका की लगभग 18 लाख भारतीय मूल की दो-तिहाई से अधिक आबादी इस प्रांत में निवास करती है। शुरुआत में स्मारक में एक मेहराब के अंदर एक घंटाघर बनाने की योजना थी, जो गन्ने के खेत में काम करने वाले उन गिरमिटिया मज़दूरों के उस कठिन परिश्रम का प्रतीक था जो उन्हें सुबह से शाम तक तब तक करना पड़ता था



## ऑफ बीट

### आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे

क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं - लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है - एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण।



## ट्रेंड

### सहकारिता अच्छा विकल्प

आज सहकारिता ने गाँव-गाँव में पैक्स व अन्य संस्थाओं से जुड़ीं महिलाओं के दरवाजे पर कंप्यूटर ला दिए। महिलाओं, किसानों व हर वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने और कम पूँजी में स्वरोजगार के लिए सहकारिता से अच्छा कोई विकल्प नहीं है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### कृषि उद्योग में निवेश

पिछले कुछ वर्षों में, हमने कृषि उद्योग में 3,200 करोड़ से अधिक के निवेश को सुगम बनाया है जिससे इस क्षेत्र में क्रांति आई है। इससे किसानों को अधिक बाज़ारों तक पहुँच बनाने, अपने उत्पादों का निर्यात करने, अपनी फसलों में विविधता लाने और अपनी आय बढ़ाने में मदद मिली है।
-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम



### गुरु आकाश जैसे विशाल

गुरु आकाश के जैसे विशाल और समुद्र के जैसे गहरे होते हैं, स्मरण रखिए इन दोनों ही स्थानों पर पदचिह्न नहीं पाए जाते। गुरु मार्ग का नहीं दिशा का निर्धारण करते हैं, वे अपने शिष्यों के लिए मार्ग बनाते नहीं हैं, अपने शिष्यों को मार्ग दिखाते हैं।
-आशुतोष राणा, अभिनेता



### अनिश्चित होकर जागना

मैंने कैंसर को झेला है। मुझे पता है कि अपने कल के बारे में अनिश्चित होकर जागना कैसा लगता है - लेकिन मैं यह भी जानता हूँ कि आशा कैसी होती है और यह आप सभी की तरह ही होती है!
-युवराज सिंह, भारतीय क्रिकेटर



## संक्षेप

### सामान्य प्रक्रिया के तहत हुआ बीडीओ जरवल का सथानान्तरण: सीडीओ

**स्थानान्तरण के सम्बन्ध में सोशल मीडिया से प्रसारित खबरें भ्रामक**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि सोशल मीडिया/अन्य माध्यमों से इस प्रकार की भ्रामक खबर प्रचारित की जा रही कि सोशल मीडिया पत्रकार श्री अशोक मिश्रा अन्ना के विरूद्ध खण्ड विकास अधिकारी जरवल द्वारा एफ.आई.आर. दर्ज कराये जाने पर उनके विरूद्ध उच्चाधिकारियों से शिकायत किये जाने पर उनका स्थानान्तरण विकास खण्ड जरवल (बहराइच) से आयुक्त ग्राम्य विकास उ.प्र. द्वारा लखनऊ कर दिया गया है। सीडीओ श्री चन्द्र ने स्पष्ट किया है कि इस आशय की न तो कोई जानकारी शासन द्वारा चाही गई थी और न ही जनपद स्तर से इस प्रकार की कोई आख्या शासन को प्रेषित की गई थी। खण्ड विकास अधिकारी जरवल का स्थानान्तरण एक सामान्य प्रक्रिया के तहत हुआ है। उनके स्थानान्तरण के सम्बन्ध में सोशल मीडिया/अन्य माध्यमों से प्रसारित की जा रही खबर भ्रामक एवं तथ्यों से विपरीत है।

### ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर टेक्नीशियन सस्पेंड

**व्यापारियों ने एके शर्मा से की थी शिकायत, जय श्री राम बोलकर निकल गए थे**

सुलतानपुर, कादीपुर खंड में कार्यरत टेक्नीशियन उमाकांत यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई राजस्व वसूली में कमी और विभागीय नियमों की अवहेलना के कारण की गई है। उमाकांत यादव को तवक्कलपुर नगरा स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र में मेवपुर फीडर का प्रभार सौंपा गया था। जांच में पाया गया कि उनके कार्यक्षेत्र में टर्नअप मात्र 9.41 प्रतिशत और कलेक्शन एफिशिएंसी केवल 15 प्रतिशत रही। इसके अलावा एटी एंड सी लॉस में भी वृद्धि देखी गई। अधिशासी अभियंता धर्मवीर कुमार सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार, निलंबन के दौरान उमाकांत यादव को विद्युत वितरण खंड फतेहपुर बाराबंकी से संबद्ध किया गया है। उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता तभी मिलेगा जब वे अन्य स्रोत से आय न होने का शपथ पत्र प्रस्तुत करेंगे। यह कार्रवाई उपखंड अधिकारी की संस्तुति और खंड स्तर पर हुई जांच के आधार पर की गई है। निलंबन आदेश की प्रतिलिपि प्रबंध निदेशक से लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को भेजी गई है।

### वारंटी और परिवार ने पुलिस टीम पर किया हमला

**सुलतानपुर में चौकी इंचार्ज समेत एक सिपाही घायल, आरोपी फरार**

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सुदनापुर गांव में एक वारंटी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। वारंटी ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर पुलिस टीम पर हमला किया। फिलहाल, पुलिस वारंटी की तलाश में जुटी हुई है। हमले में चौकी इंचार्ज देवेश द्विवेदी और सिपाही शिवम तिवारी घायल हो गए।

# कार्यवाही: निरीक्षण आख्या उपलब्ध न कराने वाले अधिकारियों का वेतन हुआ बाधित

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी कि अध्यक्षता में शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण विन्दुओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। श्रावण मास अन्तर्गत कावड़ यात्रा, मुख्य पर्व श्रावण शिवरात्रि, प्रत्येक सोमवार, श्रावण मास की पूर्णिमा के अवसर पर मन्दिरों, घाटों तथा कावड़ मार्गों की आवश्यक साफ-सफाई, मार्गों की आवश्यक मरम्मत तथा प्रकाश व्यवस्था के माकूल बन्दोबस्त करने के निर्देश दिये गये। उप जिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि सुरक्षा के दृष्टिगत घाटों पर बैरीकेडिंग तथा गहरे पानी में संकेतांक लगवा दें ताकि अप्रिय घटना न होने पाये। श्रावण मास के दृष्टिगत घाटों, मंदिरों, कांवड़ मार्गो पर आवश्यक प्रबंध की समीक्षा के दौरान निरीक्षण आख्या न उपलब्ध कराने वाले अधिकारियों पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि कोई भी विभाग यदि मेरे स्तर से अपने विभागीय योजनाओं के सत्यापन के लिए आदेश कराता है और निर्धारित समय में सत्यापन आख्या प्राप्त नहीं होती है तो संबंधित विभाग द्वारा सत्यापनकर्ता अधिकारी का वेतन बाधित करने से सम्बन्धित पत्रावली मेरे समक्ष प्रस्तुत की जाये। आईजीआरएस संदर्भों की समीक्षा में पाया गया कि बाल विकास पुष्टाहर, पिछड़ा वर्ग कल्याण, परिवहन, जल निगम व माध्यमिक शिक्षा विभाग का निस्तारण 70 प्रतिशत से कम है और असंतुष्टि भी अधिक है। इस स्थिति पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। प्लास्टिक मैनेजमेंट इकाई की स्थापना, पंचायत उत्सव व अंत्येष्टि स्थल निर्माण की समीक्षा के दौरान डीपीआरओ को निर्देश दिया गया कि प्रयास कर प्रगति में अपेक्षित सुधार लायें। बैठक के दौरान अंत्योदय राशन कार्डों का सत्यापन एवं जीरो पावरटी अभियान तथा अन्नपूर्णा भवन निर्माण की समीक्षा के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव सीआरओ देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, एसडीएम सदर श्रीमती पूजा चौधरी, महसी आलोक प्रसाद, नानपारा लालधर यादव, कैंसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, पयागपुर अश्वनी पाण्डेय, मोतीपुर प्रकाश सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहें।

# 26 जरूरतमंदों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सफल

## मरीजों ने जताया ब्लॉक प्रमुख का आभार

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। विकास खंड नवाबगंज के ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह की पहल पर क्षेत्र के 26 आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद व्यक्तियों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह ऑपरेशन प्रदेश के प्रतिष्ठित सीतापुर नेत्र चिकित्सालय में संपन्न कराए गए, जिसमें मरीजों को यात्रा, जांच, सर्जरी, दवाएं तथा चश्मा सहित सभी आवश्यक सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। ऑपरेशन के उपरांत सभी लाभार्थी स्वस्थ होकर सकुशल अपने घर लौट चुके हैं। लाभान्वित मरीजों एवं उनके परिजनों ने इस सेवा कार्य के लिए जयप्रकाश सिंह के प्रति आभार प्रकट किया तथा इसे दृष्टि पुनः प्राप्त करने जैसा अनुभव बताया। इस अवसर पर समाजसेवी एसपी सिंह ने जानकारी दी कि यह पहल केवल एक शुरूआत है और भविष्य में भी ऐसे निःशुल्क चिकित्सा शिविरों तथा मोतियाबिंद ऑपरेशन अभियानों का आयोजन किया जाएगा ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति आर्थिक अभाव के चलते इलाज से वंचित न रह जाए। इस जनकल्याणकारी प्रयास को क्षेत्र में सराहना मिल रही है और इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है।

# अंशिका-2 पुस्तक का हुआ सफल विमोचन

**सांसद आनंद गोंड ने किया अंशिका-2, पाठशाला का विमोचन**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। शमा फाउंडेशन की ओर से आयोजित अंशिका 2 साझा संकलन पुस्तक पाठशाला बाल कहानी संग्रह पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम 13 जुलाई दिन रविवार को कार्यक्रम स्थल ए आर कॉम्प्लेक्स बहराइच में सुबह 11:00 बजे से प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. आनंद कुमार गोंड सांसद बहराइच द्वारा हुआ। शमा फाउंडेशन के बैनर तले अंशिका 2 पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम का आयोजन सांसद ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदीप बहराइची ने किया। प्रदीप बहराइची को शमा फाउंडेशन डायरेक्टर शमा परवीन, मोहम्मद अल्ताफ, सांसद आनंद गोंड, खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार पाल, ममता यादव द्वारा उत्कृष्ट संचालक अवॉर्ड से नवाजा गया। कई जिले से उत्कृष्ट लेखक अंशिका 2 साझा संकलन पुस्तक में शामिल सभी साहित्यकार को उत्कृष्ट साहित्य रत्न सम्मान, पाठशाला बाल कहानी संग्रह पुस्तक में शामिल सभी साहित्यकार को पाठशाला गौरव सम्मान, स्कूल से आए स्टूडेंट जो सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने पर बाल रत्न सम्मान से शमा फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ साथ शमा फाउंडेशन टीम में अच्छा कार्य करने वाले सदस्यों को शमा फाउंडेशन टीम हौसला सम्मान से नवाजा जाएगा।विद्यार्थी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवि सम्मेलन, मुख्य अतिथि द्वारा पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह उत्कृष्ट कवियो एवं कवयित्री द्वारा काव्यपाठ किया गया। खास बात ये है ये शमा फाउंडेशन के कार्यक्रम में पहली बार लेखिका शमा परवीन की एकल एवं साझा संकलन पुस्तकें पुस्तक प्रदर्शनी में लगी।कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार पाल, ममता यादव, रुखसार परवीन, आदिल मंसूरी, जुबेदा खातून, रुबेदा, अर्शी हबीब, गीता गंगवार, जलज, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# रुपईडीहा डिपो कार्यालय से भी कर सकेंगी महिला अभ्यर्थी आवेदन

## 22 जुलाई को रोजगार मेले में संविदा कंडक्टर पद पर सीधी भर्ती का सुनहरा अवसर

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत आयोजित रोजगार मेले में भाग लेने के लिए अब महिला अभ्यर्थी रुपईडीहा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में भी सीधे जाकर आवेदन कर सकती हैं। यह मेला 22 जुलाई को बहराइच रोडवेज वर्कशॉप परिसर, अस्पताल के सामने आयोजित होगा, जिसका उद्घाटन विधायक अनुपमा जायसवाल करेंगी। मेले में महिलाओं को संविदा परिचालक कंडक्टर पद पर सीधी भर्ती का अवसर मिलेगा। आवेदन के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं पास, आयु सीमा 18 से 40 वर्ष और उत्तर प्रदेश का निवासी होना अनिवार्य है। भर्ती में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, एनसीसी, एनएसएस और स्काउट गाइड से जुड़े अनुभवधारियों को प्राथमिकता मिलेगी। चयनित अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पंजीकरण और प्रशिक्षण के बाद सेवा में लिया जाएगा। संविदा पर नियुक्त महिला कंडक्टरों को प्रतिमाह मानदेय, यात्रा पास, बीमा, पीएफ और वर्दी की सुविधाएं मिलेंगी। यह पूरी प्रक्रिया निःशुल्क है। इच्छुक महिलाएं वेबसाइट के साथ-साथ रुपईडीहा डिपो कार्यालय में जाकर भी आवेदन कर सकती हैं।

# तेज आंधी पानी से गिरा पेड़ सायकिल हुआ घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में हरदोई-उन्नाव मार्ग पर श्रीवास ढाबा के पास यह घटना हुई। तेज आंधी और बारिश के कारण सड़क किनारे का एक हरा बबूल का पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से ई रिक्शा पर सवार यात्री बाल बाल बच गए,हालांकि इस बीच एक साइकिल सवार चपेट में आया.जिसे मामूली चोट आई है। पेड़ के सड़क पर गिरने से यातायात बाधित हो गया है और कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।वन विभाग प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि जल्द ही पेड़ हटवा दिया जाएगा.तब तक राहगीरों और वाहनों को सावधानी से चलने की सलाह दी जाती है।

# नेपाल सीमा सहित कई गांवो को जोड़ने वाला पुल जर्जर, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**तहसील मिहींपुरवा के सर्रा मटेही संपर्क मार्ग का जर्जर पुल**

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। गुजरात में हुए सड़क हादसे में जहां पुल टूटने से कई लोगों की जान चली गई।वहीं हुए हादसे के बाद भी जिम्मेदारो ने सबक नहीं लिया है कई पुल आज भी जर्जर हालत में है जो दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। तहसील मिहींपुरवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सर्राकलां से मटेही समेत दर्जनों गांवों को जोड़नें वाला सड़क मार्ग पर दशकों पहले बनाया गया पुल जर्जर हो गया है। पुल के नीचे बने ईंट के खम्भे कुछ गिर गये है और कुछ गिरने के हालत में है। राहगीरों का कहना है की इस सड़क से लौकाही बार्डर, मटेही, पुरैना रघुनाथ पुर, पड़रिया, मंजगंवा, बस्थनवा, सहित दर्जनों गांव के हजारों राहगीर समेत सैकड़ो छोटे बड़े वाहन आवागमन करते है। ग्रामीणों नें बताया की पुल पूरी तरह से जर्जर हालत में है मजबूरी में जान जोखिम में डालकर यात्रा करनी पड़ती है। इस रास्ते से स्कूल बस भी बच्चों को लेकर आवागमन



करती है। लेकिन जिम्मेदारों की नजर इधर नहीं पड़ती है। जर्जर पुल पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्रीय लोगो ने इस प्रकरण को कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया है लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

# नाटक और नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति किया जागरूक

## मुख्य अतिथि रहे फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट के अध्यक्ष बीडी लखमानी

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। खैरा बाजार स्थित सिलेमपुर डोकरी गाँव में गर्ल आईकान स्नेहा पांडे, खुशी पांडे, परी पांडे और उषा पांडे द्वारा गाँव में कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट के अध्यक्ष बीडी लखमानी रहे। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हम सब के लिए शिक्षित होना अति आवश्यक है। अगर हम शिक्षित होंगे तो अपने हर काम को बेहतर ढंग से कर सकते हैं। इस अवसर ग्रामीण बालिकाओं मानसी पांडे, सोनाली, साक्षी, आस्था आँचल, किताबुलनिशा और शानवी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, साफ सफाई, देश भक्ति आदि विषयों पर नुक्कड़ नाटक और नृत्य के माध्यम से गाँव के लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम के अंत में लखमानी द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली सभी बालिकाओं को मेडल और उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वर्मा शिव राम वर्मा, ओम प्रकाश पांडे, राजेश पांडे, दिलीप पांडे अमित पांडे समेत सैकड़ों की संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

# दहेज हत्या का वांछित आरोपी गिरफ्तार, रुपईडीहा पुलिस की बड़ी सफलता

अमन लेखनी समाचार




रुपईडीहा, बहराइच। महिला अपराधों की रोकथाम व आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रुपईडीहा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दहेज हत्या के एक वांछित आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष रुपईडीहा रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को पुलिस टीम ने विशेष सूचना के आधार पर जैतापुर मोड़ के पास घेराबंदी कर प्रवेश कुमार जायसवाल उर्फ सोनू उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी निधिनगर संकल्पा, हालपता बरवलिया, थाना रुपईडीहा को गिरफ्तार किया। उक्त आरोपी के खिलाफ दहेज हत्या के गंभीर आरोपों में मुकदमा दर्ज था और वह काफी समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक संतोष कुमार यादव, उपनिरीक्षक शिवानंद सिसौदिया तथा कांस्टेबल कुलदीप दुबे की अहम भूमिका रही। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय बहराइच में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# रूपईडीहा पुलिस ने गैर इरादतन हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

**थाना क्षेत्र के तकिया में हुए विवाद में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई थी मौत**

अमन लेखनी समाचार




रूपईडीहा, बहराइच। थाना क्षेत्र रूपईडीहा अंतर्गत ग्राम पंचायत सोरहिया के मजरा तकिया में शनिवार को हुए एक विवाद के बाद गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गैर इरादतन हत्या के मुकदमे में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के अनुसार उनके नेतृत्व में गठित उपनिरीक्षक दीपक सिंह, चौकी प्रभारी बाबागंज व कांस्टेबल जयचन्द गौड़ की टीम द्वारा सूचना के आधार पर आरोपी रामसुरेश उर्फ सुरेश पुत्र दुखीराम उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी तकिया सोरहिया को बरवलिया चौराहे से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने विधिक कार्यवाही पूरी कर हत्यारोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

# जालिम नगर में आयोजित कुश्ती में पहलवानों ने दिखाया दमखम

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा के जालिम नगर में आयोजित कुश्ती दंगल में पहलवानों ने खूब दमखम दिखाया। कुश्ती देखकर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। कुश्ती का आयोजन विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह के द्वारा किया गया है जिसमें समाज के लोगों का भी विशेष योगदान शामिल हैं। कुश्ती में पहले दिन जसविंदर सिंह चीमा हरियाणा, बाबा बजरंगी हनुमान गढ़ी अयोध्या, अंगद पहलवान उर्रा मिहींपुरवा, रांणा सिंह राजस्थान विजई रहे। कुश्ती में राजस्थान के टाइगर पहलवान, शाका पहलवान, कैल्शियम पहलवान, उत्तराखंड के हादसा पहलवान, तूफान पहलवान, भूकंप पहलवान व गूंगा पहलवान नेपाल, बाबा बजरंगी पहलवान अयोध्या, सुल्तान पहलवान देव शरीफ, सलमान पहलवान दिल्ली, धर्मेंद्र पहलवान बरेली शामिल हैं। आयोजक संदीप सिंह ने बताया कि कुश्ती देखने के लिए काफी संख्या में लोग आ रहे हैं।

# कैबिनेट मंत्री के पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव के अवसर पर रुद्राभिषेक का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के पांडवकालीन श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर में वैश्य समाज के संभ्रांतजनों द्वारा रुद्राभिषेक व प्रसाद वितरण कर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता व वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष हरीश चंद्र गुप्ता रहे। इस दौरान नगर अध्यक्ष साहिल गुप्ता, कालिका प्रसाद मद्धेशिया, आयुष जायसवाल संजय जायसवाल, विनय प्रकाश गुप्ता, डी के गुप्ता, विनय मित्तल,अजय गुप्ता, शिवराम यज्ञसैनी, रोशन लाल गुप्ता, चंद्रिका प्रसाद गुप्ता, देवीप्रसाद, जयशंकर गुप्ता , बराती गुप्ता दिनेश चौहान,साहिल गुप्ता, नीरज गुप्ता, विकास गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गैंगेस्टर गिरोह के सरगना समेत दो अपराधी गिरफ्तार

## हत्या का प्रयास, डकैती समेत 12 मामलों में वांछित थे दोनों, पुलिस ने तड़के दबोचा

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में गैंगेस्टर एक्ट में वांछित दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में पंकज कुमार सिंह उर्फ राजू और अंकित पासी उर्फ संतोष शामिल हैं। पंकज सिंह जिले में सक्रिय एक गिरोह का सरगना है। उस पर हत्या का प्रयास, डकैती और अवैध हथियार निर्माण सहित 12 से अधिक मामले दर्ज हैं। 2010 से 2025 के बीच जगदीशपुर, मोहनगंज, कमरौली और शिवरतनगंज थानों में उस पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हैं। दूसरे आरोपी अंकित पासी पर वाहन चोरी, मारपीट व आर्म्स एक्ट के तीन मामले चल रहे हैं। एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर दोनों को पकड़ा। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह की टीम ने तलाशी अभियान में इन्हें दबोचा। दोनों अपराधी लंबे समय से फरार थे और क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियां चला रहे थे। पुलिस अब इनके नेटवर्क और अवैध शस्त्र फैक्ट्री से जुड़ी जानकारी जुटा रही है। पूछताछ में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। एसपी कौशिक ने कहा कि जनपद में संगठित अपराध को समाप्त करना उनकी प्राथमिकता है।

# डिप्टी सीएम केशव मौर्य का जनता दर्शन

## फरियादियों की समस्याएं सुनीं, अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के निर्देश, जवाबदेही तय की

**अमन लेखनी समाचार**

प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को प्रयागराज सर्किट हाउस में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। डिप्टी सीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा, हर व्यक्ति की हर समस्या का हर संभव समाधान किया जाएगा। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी समस्या के समाधान में लापरवाही न हो और हर मामले का निस्तारण समयबद्ध और संतुष्टिपरक ढंग से किया जाए। श्री मौर्य ने विशेष रूप से भूमि विवाद, अवैध कब्जे, उत्पीड़न और सार्वजनिक सेवाओं से जुड़ी शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई



करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी मामले में सख्त कदम उठाने की जरूरत हो, तो प्रशासन पीछे न हटे। जनता दर्शन के दौरान उप मुख्यमंत्री ने एक-एक फरियादी से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनकी बातें गंभीरता से सुनीं। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के तत्काल समाधान के निर्देश दिए और कहा कि पीड़ितों को दोबारा चक्कर न लगाने पड़ें, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों की शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को विशेष निर्देश जारी किए। कार्यक्रम में प्रयागराज के साथ-साथ आसपास के जिलों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। डिप्टी सीएम ने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे जनता की समस्याओं को सुलझाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और जनता के साथ सीधा संवाद बनाएं रखें। डिप्टी सीएम ने भरोसा दिलाया कि सरकार पूरी संजीदगी से जनता की समस्याएं सुन रही है और समाधान भी होगा, सुविधाएं भी मिलेंगी।

# 20 लाख के लिए पति को मरा बता दिया

## प्रयागराज में पत्नी की करतूत, जिंदा शख्स ने एसडीएम से कहा– साहब मैं मरा नहीं हूं, जांच शुरू

**अमन लेखनी समाचार**




प्रयागराज, सोरांव तहसील में एक अजीब मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने अपने जीवित पति को मृत दिखाकर उसकी संपत्ति हड़पने की कोशिश की। मामला सकरा मऊ के अमानगंज का है। मुस्ताक अहमद नासिक, महाराष्ट्र में रहकर काम करते हैं। उनके नाम अमानगंज में 5 बिस्वा जमीन है, जिसकी कीमत करीब 50 लाख रुपए है। मुस्ताक की पत्नी फातिमा से विवाद चल रहा है। फातिमा अपने मायके मांधाता, प्रतापगढ़ में रहती हैं। फातिमा ने अपने बच्चों शबनूर और इरफान के साथ मिलकर 28 जून को ऑनलाइन आवेदन किया। इसमें उन्होंने दावा किया कि मुस्ताक की 10 मई 2025 को मृत्यु हो गई है। फातिमा ने खुद को वारिस बताते हुए जमीन अपने नाम करने की मांग की। जब मुस्ताक को इस बात की जानकारी मिली, तो वह एसडीएम सोरांव के पास पहुंचे। उन्होंने बताया कि वह जीवित हैं और उनकी पत्नी झूठा मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर जमीन हड़पना चाहती है। एसडीएम ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। मुस्ताक ने थाने में भी शिकायत दर्ज कराई है। मऊआइमा थाने के प्रभारी निरीक्षक पंकज अवस्थी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। विस्तृत जांच रिपोर्ट एसीपी फूलपुर को भेजी जाएगी। इसके बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# संक्षेप

## सरकारी स्कूल बंद करने का विरोध

### ग्रेटर नोएडा में सपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सूरजपुर स्थित जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों को मर्ज करने के फैसले का विरोध किया। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब बच्चों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। सरकार ने 27,764 स्कूलों को बंद करने की घोषणा की है। भाटी ने कहा कि इन स्कूलों में ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चे पढ़ते हैं। सरकार के इस फैसले से वे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सरकार पहले स्कूलों को बंद करेगी। फिर इनका निजीकरण कर देगी। उन्होंने मांग की कि इन स्कूलों को जल्द से जल्द दोबारा चालू किया जाए। प्रदर्शन में सैकड़ों समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने पार्टी के झंडे लेकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने एडीएम मंगलेश दुबे को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

## यूनिटेक गोल्फ क्लब पर 10 लाख का जुर्माना

### बल्क वेस्ट का सही तरीके से निपटारा नहीं, अचानक निरीक्षण में मिली खामियां

नोएडा, प्राधिकरण के अधिकारियों ने बल्क वेस्ट जनरेटर के नियमों का उल्ल्घंन करने पर यूनिटेक गोल्फ एंड कंट्री क्लब पर 10 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। साथ ही सड़क पर फेंके गए कचरे को साफ करने के लिए एक दिन का समय दिया गया है। चेतावनी दी कि यदि इसके बाद भी बल्क में निकलने वाले कचरे का निपटारा स्वयं नहीं किया गया, तो लीज के अनुसार एक्शन लिया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण प्रत्येक साल स्वच्छता सर्वेक्षण में हिस्सा लेता है। बल्क वेस्ट जनरेट करने वाली सोसाइटी और होटल रेस्टोरेंट के साथ कई बार कार्यशाला और बैठक की जा चुकी है। बार-बार बल्क वेस्ट जनरेटर के नियमों से भी अवगत कराया गया। जमीनी स्तर पर हकीकत क्या है इसका जाएजा लेने के लिए प्राधिकरण की टीम ने यूनिटेक गोल्फ एंड कंट्री क्लब सोसाइटी का अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान जीएम जन स्वास्थ्य एस पी सिंह, जन स्वास्थ्य अधिकारी इंदुप्रकाश सिंह, परियोजना अभियंता जन स्वास्थ्य गौरव बंसल मौजूद रहे।

## दनकौर बाईपास पर जलभराव से हालात खराब

### कीचड़ में फंसकर पलटा ओवरलोड ट्रक, चालक और परिचालक घायल

जेवर, ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में बाईपास रोड पर जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है। एक ओवरलोड ट्रक कीचड़ में फंसकर पलट गया। इस हादसे में ट्रक चालक और परिचालक घायल हुए। यह बाईपास रोड यमुना एक्सप्रेसवे को जोड़ता है और करीब 10 साल पहले जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए बनाया गया था। पिछले 3 वर्षों से सड़क की स्थिति खराब है। जलभराव के कारण सड़क पर कीचड़ जम गया है। इससे रोजाना वाहन फंसने की घटनाएं हो रही हैं।

# ढाबे के दो कर्मचारियों में विवाद

## कहासुनी के बाद एक ने दूसरे पर लोहे के पंच से किया हमला, घायल



**अमन लेखनी समाचार**

जेवर, ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक ढाबे पर काम करने वाले दो कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक कर्मचारी ने दूसरे पर लोहे के पंच से हमला कर दिया। घायल कर्मचारी दीपू को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। दीपू ने बताया कि वह रोज की तरह ढाबे पर काम कर रहा था। इसी दौरान उसके सहकर्मी से किसी बात पर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी बात से गुस्साए सहकर्मी ने उस पर लोहे के पंच से हमला कर दिया। हमले में दीपू के सिर, कंधे और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई। परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद दीपू ने कोतवाली दनकौर में शिकायत दर्ज कराई। दीपू का कहना है कि आरोपी हरियाणा का रहने वाला है और दनकौर में रहकर उसी ढाबे पर काम करता है। उसका आरोप है कि सहकर्मी पहले से उससे रंजिश रखता था और इसी कारण उसने हमला किया। पुलिस ने कहा कि शिकायत के आधार पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस की 3 चोरों से मुठभेड़

## 100 से ज्यादा चोरियां की, होंडा सिटी कार, आधा केजी ज्वैलरी, 2 लाख कैश मिला

**अमन लेखनी समाचार**

नोएडा, पुलिस ने 100 से अधिक चोरी की घटना कर चुके तीन बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। इनके नाम संजीव कुमार यादव उर्फ फौजी , अमन बग्गा और सर्वपाल सिंह है। गैंग का सरगना संजीव कुमार है। इस पर 31 मुकदमा दर्ज है। तीनों को मिलाकर दिल्ली एनसीआर के थानों में 100 से ज्यादा मुकदमे है। इनके पास से एक घड़ी (एपल), आधा किलो पीली धातु, 2 लाख रुपए कैश, होंडा सिटी कार और अन्य सामान मिला है। ये पॉश सोसाइटी और सेक्टर में बंद मकानों का ताला तोड़कर चोरी करते है। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि गुरुवार रात को सेक्टर 35 की तरफ पुलिस चेकिंग कर रही थी। अंडरपास की तरफ से एक होंडा सिटी कार आती दिखी। रुकने का इशारा करते ही कार सवार तीनों ने पुलिस पर फायर कर



दिया। पुलिस पार्टी की सरकारी गाडी में गोली जाकर लगी। कार सवार बदमाशों ने सेक्टर 33 के पीछे गन्दे नाले वाली सड़क पर कार को तेजी से दौडा दिया। पुलिस पार्टी ने करीब एक किमी तक पीछा किया। बदमाशों की कार डिस्बैलेंस होकर नाले की दीवार से टकराकर बंद हो गई। अपने को घिरता हुआ देख कार से नीचे उतरकर दोबारा पुलिस पर फायर किया। पुलिस नम फायर किया जिसमें एक बदमाश संजीव कुमार उर्फ फौजी को गोली लगी।

इसकी उम्र करीब 29 साल है। कांबिंग के दौरान अमन बग्गा और सर्वपाल को गिरफ्तार किया। सर्वपाल की उम्र करीब 54 साल है। पूछताछ करने के बाद सामने आया कि इन तीनों ने मिलकर ताबड़तोड़ चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है।

# 200 साल पुराने कब्रिस्तान की चारदीवारी का विवाद

## बागपत में मुस्लिम समाज ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, एक व्यक्ति पर लगाए गंभीर आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

बागपत, सरूरपुर कला गांव में 200 वर्ष पुराने कब्रिस्तान को लेकर विवाद सामने आया है। मुस्लिम समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और कलेक्ट्रेट प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव का एक व्यक्ति कब्रिस्तान की चारदीवारी बनाने से रोक रहा है। साथ ही वह कब्रिस्तान के बीच से रास्ता निकालने की कोशिश कर रहा है। मुस्लिम समाज का कहना है कि 200 साल पुराने इस कब्रिस्तान में पहले कभी



कोई रास्ता नहीं था। ग्रामीण रहीसु गुलफाम ने बताया कि विरोध करने पर वह व्यक्ति अपने साथियों के साथ मारपीट पर उतारू हो जाता है। उन्होंने कई बार इस मामले की शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। समझाने का प्रयास भी किया गया, पर वह किसी की बात नहीं मान रहा है। कलेक्ट्रेट प्रभारी को सौंपे गए ज्ञापन में मुस्लिम समाज ने जिला अधिकारी से कार्रवाई की मांग की है। अधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# बीमा क्लेम के नाम पर साढ़े 3 लाख की ठगी

- दिल्ली के दो आरोपी गिरफ्तार, फर्जी कॉल सेंटर चलाकर करते थे धोखाधड़ी

**अमन लेखनी समाचार**

गाजियाबाद, थाना इंदिरापुरम पुलिस और ट्रांस हिंडन स्वाट टीम ने बीमा क्लेम के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 4 लाख रुपये नकद, 3 मोबाइल, एक मैजिक पेन और 4 फर्जी पहचान पत्र बरामद हुए हैं। आरोपी खुद को इंश्योरेंस कंपनी का कर्मचारी बताकर लोगों को कॉल करते थे। वे बीमा क्लेम दिलाने का लालच देकर पैसे वसूलते थे। आरोपी फर्जी कॉल सेंटर चलाते थे और जाली आईडी का इस्तेमाल करते थे। मामला तब सामने आया जब वसुंधरा के एक व्यक्ति ने शिकायत की। उससे बीमा क्लेम के नाम पर साढ़े तीन लाख रुपये ठगे गए थे। पुलिस ने नंबर




और अकाउंट की जांच की तो पूरा मामला उजागर हो गया। पकड़े गए आरोपियों में दिल्ली निवासी बलवंत सिंह है, जिस पर पहले भी केस दर्ज हैं। दूसरा आरोपी दिल्ली के गोविंदपुरी का अराफ हसन है। दोनों मैजिक पेन और डिजिटल तरीकों से नकली सिग्नेचर और फर्जी दस्तावेज तैयार करते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

# 3 करोड़ की घड़ी चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

## 14 लोगों ने शटर तोड़कर दिया था चोरी को अंजाम, 11 आरोपी गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

गाजियाबाद , इंदिरापुरम पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने 11 जुलाई 2024 को घड़ियों के शोरूम में चोरी करने वाले 50 हजार के इनामिया दीपक को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इसके साथी सिराज को भी पुलिस की गोली लगी है तो वहीं कारण को पुलिस ने दौड़कर पकड़ा है।दीपक और सिराज को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इनके कब्जे तमंचा और चोरी की गई महंगी घड़ी बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपियों में दीपक कुमार (37), सिराज मियां (47), करन कुमार (26) बिहार के रहने वाले हैं। पूछताछ में इन अपराधियों ने कबूल किया कि वे संगठित गिरोह के तौर पर बड़े शोरूमों के शटर तोड़कर घड़ियों और मोबाइल की चोरी करते हैं और रकम आपस में



बांट लेते है गिरफ्तार मुख्य आरोपी दीपक कुमार के खिलाफ थाना इंदिरापुरम में चोरी का केस दर्ज है और उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। वहीं सिराज मियां के खिलाफ भी चोरी का केस दर्ज है। 11 अगस्त 2024 की देर रात दीपक ने अपने 14 साथियों के साथ मिलकर ब्रांडेड घड़ियों के शोरूम में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। शोरूम मालिक के अनुसार दुकान में लगभग 3 करोड़ से ज्यादा की रकम की घड़ियां चोरी हुई थी। एसएचओ रविंद्र गौतम ने बताया कि दीपक ने अपने साथियों के साथ घड़ियों के शोरूम में एक बड़ी चोरी को अंजाम दिया था। चोरी में शामिल 11 आरोपियों को पुलिस ने अभी तक गिरफ्तार कर लिया है इनके कब्ज से लगभग 2 करोड़ रुपए का माल बरामद कर लिया है पुलिस को आशंका है कि बची हुई रकम ये लोग आपस में बांट चुके हैं। अभी भी इस चोरी में शामिल 3 अपराधी फरार हैं। इंदिरापुरम जैसे पोश इलाके में घड़ियों के शोरूम में हुई चोरी की घटना के बाद इंदिरापुरम थाना प्रभारी जितेंद्र दिखित और कनावनी पुलिस चौकी इंचार्ज लाल सिंह कन्नौजिया को सस्पेंड कर दिया गया था।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग

## बागपत में हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने सिसाना से कलेक्ट्रेट तक निकाला मार्च




**अमन लेखनी समाचार**

बागपत, जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के बैनर तले सैकड़ों कार्यकताओं ने बागपत में जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने सिसाना गांव से जिला मुख्यालय तक मार्च निकाला। फाउंडेशन के पदाधिकारी मनु पाल बंसल ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या एक बड़ी चुनौती बन गई है। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी हो रही है। कुछ लोग 8 से 10 बच्चे पैदा कर रहे हैं। बंसल ने जाति-धर्म से ऊपर उठकर सभी के लिए एक समान कानून बनाने की मांग की। कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने देश हित में जल्द से जल्द इस कानून को लागू करने की मांग की। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन पिछले 10 वर्षों से इस कानून की मांग कर रहा है। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि वे जल्द ही एक बैठक करेंगे। मांग पूरी न होने पर आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा।

# डीएम-डीआईजी ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

## अधिकारियों से कहा– कांवड़ियों को किसी प्रकार की समस्या न हो, इसका ध्यान रखें

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ, डीएम और डीआईजी ने कांवड़ रूट का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कांवड़ यात्रियों के लिए किए गए इंतजाम की जानकारी ली। उन्हें निर्देश दिया कि कांवड़ियों को किसी प्रकार की समस्या न हो। इसका ध्यान रखा जाए। डीआईजी कलानिधि नैथानी, एसपी सिटी के साथ बेगमपुल चौराहे पर चेकिंग करने पहुंचे। उन्होंने एनएच-58, सठेडी पुल, सलावा पुल, अटेरना पुल, दौराला पुल, नानू पुल, भलसौना पुल, पूठखास पुल, भोला की झाल, जानी पुल, सिवालखास पुल से बाबा भूरेशाह दरगाह तक कांवड मार्ग का निरीक्षण किया।

वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से भी बात की। अफसरों ने सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सडक मरम्मत, जल निकासी, शौचालय, पेयजल,



साईनेज, स्ट्रीट लाईट, विद्युत खंभो को पालिथीन से कवर कराने, ट्रांसफार्मर को जाली से कवर कराने, चिकित्सा शिविर के संबंध में दिशा-निर्देश दिये। कांवड़ यात्रा मार्ग में शिविर संचालको से वार्ता कर व्यवस्थाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने डयूटी पर तैनात पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियो को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय और सहयोग के साथ आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# सीसीएसयू में छात्रों का हंगामा

- हॉस्टल अलॉटमेंट में देरी पर नाराजगी जताई, बोले– पढ़ाई प्रभावित हो रही

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू) में हॉस्टल आवंटन और अधूरे निर्माण कार्य को लेकर छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। छात्र नेता विनीत चपराना के नेतृत्व में दर्जनों बीटेक और बीफार्मा छात्रों ने चीफ वार्डन दिनेश कुमार के कार्यालय में हंगामा किया। चपराना ने कहा कि दूर-दराज जिलों से सामान लेकर आए छात्रों को हॉस्टल नहीं मिले, जिससे उनकी पढ़ाई और सामान की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। नया बीटेक हॉस्टल (छोटू राम भवन) अभी निमार्णाधीन है, जहां फ्लोरिंग और इलेक्ट्रिकल वायरिंग का काम बाकी है। फिर भी, छात्रों को बिना विधिवत आवंटन के वहां भेजा गया। कोई प्रशासनिक अधिकारी या वार्डन मौजूद न होने से छात्र भटक रहे हैं। चपराना ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यह स्थिति छात्रों में मानसिक तनाव पैदा कर रही है। छात्राओं के लिए नए हॉस्टल की मांग जोर पकड़ रही है। चपराना ने बताया कि आठ महीने पहले नए हॉस्टल के लिए जमीन और औपचारिकताएं तय हो चुकी थीं, लेकिन अब तक कोई प्रगति नहीं हुई। छात्रों ने प्रशासन पर अपने हितों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। छात्रों ने मांग की है कि हॉस्टल निर्माण जल्द पूरा हो, कमरों का विधिवत आवंटन हो, तत्काल वार्डन नियुक्त किया जाए, और सामान की सुरक्षा सुनिश्चित होसाथ ही, छात्राओं के लिए नए हॉस्टल का निर्माण शुरू हो। हंगामे के बाद चीफ



वार्डन दिनेश कुमार ने छात्रों को सामान रखने की अनुमति दी और नए हॉस्टल निर्माण के लिए जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया। छात्रों ने चेतावनी दी कि मांगें न मानी गईं तो आंदोलन और तेज होगा।

# पेयरिंग से खाली होने वाले प्राइमरी स्कूलों में आंगनबाड़ी केन्द्र खुलेंगे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्राइमरी स्कूलों के पेयरिंग से खाली हुए स्कूल भवनों में दो माह आगनबाड़ी केंद्र शिफ्ट किए जाएंगे। राज्य सरकार ने इस संबंध में रविवार को आदेश भी जारी कर दिए हैं।यही नहीं सरकार की ओर से इसके स्कूलों की जगह आंगनबाड़ी केन्द्रों की शिफ्टिंग की प्रक्रिया और कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि अब से 15 दिन के भीतर खाली स्कूल भवनों का सर्वेक्षण कर लिया जाए।उसके 15 दिन में ग्राम प्रधान, आगनबाड़ी कार्यकर्ता और अभिभावकों के साथ बैठक कर ली जाए। इसके बाद शिफ्टिंग योग्य पाए गए स्कूल भवनों को चिह्नित करने और उनकी मरम्मत एवं साज-सज्जा के लिए 15 दिन का समय दिया गया है।

यह प्रक्रिया पूरी होने के 15 दिन के भीतर उपयुक्त पाए गए स्कूल भवनों में आगनबाड़ी केंद्रों में शिफ्ट कर दिया जाएगा। अभी तक 10,827 स्कूल भवन हुए हैं खाली इस माह के पहले सप्ताह में कम छात्र संख्या वाले प्राइमरी स्कूलों की दूसरे नजदीकी स्कूलों में पेयरिंग की गई है।इससे बड़ी संख्या में प्राइमरी स्कूल खाली हुए हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को 75 जिलों में 10, 827 खाली स्कूलों का ब्योरा भेज दिया है। अब बाल विकास पुष्टाहार विभाग की प्रमुख सचिव लीना जौहरी ने इनमें आगनबाड़ी केंद्रों को स्थानांतरित करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने सभी डीएम को स्कूलों की मैपिंग कर स्थानांतरित करने के लिए कहा है। निर्देश हैं कि पहले सीडीओ की अध्यक्षता में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी और बाल विकास परियोजना अधिकारियों की बैठक होगी। विकास खंड स्तर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी संयुक्त रूप से स्कूलों और वहां संबद्ध किए जाने वाले आगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करेंगे।स्थानांतरित कहां होंगे, कहां नहीं निरीक्षण में यह देखा जाएगा कि जिस आगनबाड़ी केंद्र को शिफ्ट किया जाना है, वह स्कूल से अधिकतम लगभग 500 मीटर की दूरी पर हो। निर्देश दिए गए हैं कि शिफ्टिंग से पहले यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि विद्यालय भवन की स्थिति संतोषजनक है और बच्चों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए उपयुक्त है। यदि विद्यालय भवन की स्थिति संतोषजनक नहीं है या आगनबाड़ी केंद्र की दूरी अधिक है तो ऐसे केंद्रों की शिफ्टिंग न की जाए। स्कूल के नजदीक कोई आगनबाड़ी केंद्र जिस बिल्डिंग में चल रहा है, उसकी स्थिति संतोषजनक है और मूलभूत सुविधाएं मौजूद हैं तो उनकी भी शिफ्टिंग न की जाए।

# अमेठी में अवैध हथियार के साथ बिहार का अपराधी गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

अमेठी पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ एक अपराधी को रविवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई।मुसाफिरखाना थाना पुलिस ने रविवार को क्षेत्र में चेकिंग के दौरान बिहार के बक्सर जिले के रहने वाले गणेश तिवारी को पकड़ा। 32 वर्षीय आरोपी के पास से एक तमंचा और 315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में चार पुलिसकर्मियों की टीम शामिल थी। टीम में प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह, उप-निरीक्षक रमेश चंद्र यादव, कांस्टेबल मोहित मिश्रा और कांस्टेबल सुघर सिंह शामिल थे।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई जनपद में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है।


# आठ माह की गर्भवती महिला की संदिग्धावस्था में मौत

## कमरे में दुपट्टे से लटका मिला शव, पति दिल्ली में था

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर के कादीपुर कोतवाली क्षेत्र में एक आठ माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सरैया कमौरा की रहने वाली 24 वर्षीय पल्लवी सिंह का शव उनके कमरे में दुपट्टे से लटका हुआ मिला।

पल्लवी के पति अंकित सिंह ने बताया कि उनका प्रेम विवाह मई 2024 में दिल्ली में हुआ था। पल्लवी का मायका बिहार के भागलपुर जिले के बांका गांव में है। दंपति की शादी के बाद से जीवन सुखमय था। घटना के समय अंकित दिल्ली में थे। शनिवार रात करीब 11 बजे उन्होंने पल्लवी से संपर्क करने का प्रयास किया। कॉल नहीं लगने पर उन्होंने पल्लवी के साथ



रह रही उनकी नानी को देखने भेजा। नानी ने जब कमरे में देखा तो पल्लवी का शव बल्ली से दुपट्टे के सहारे लटका हुआ था।

नानी ने तुरंत पड़ोसियों को सूचित किया। सूचना मिलते ही अंकित दिल्ली से गांव के लिए रवाना हो गए।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।एसएचओ श्याम सुंदर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एक सैकड़ा छात्र छात्राओं ने दी प्रवेश परीक्षा

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कस्बे में रविवार को कैरियर कैटलिस्ट छात्रवृत्ति योजना के बैनर तले प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। रविवार को कस्बे के रहमानिया इंटर कालेज में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई। जिसमे एक सैकड़ा छात्र छात्राएं प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के एक घंटे बाद परिणाम भी घोषित कर दिया जिसमें उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना के बारे में जानकारी दी और जल्द ही क्लासेज प्रारम्भ करने की बात कही। कैरियर कैटलिस्ट छात्रवृत्ति योजना देश की प्रसिद्ध यूनिवर्सिटियों में ग्यारहवीं, डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं स्नातक के प्रवेश परीक्षा की तैयारी करवाती है। जिसमे उक्त स्कालरशिप परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को अलग से विश्वविद्यालयों के दाखिले की कस्बे में निशुल्क तैयारी कराई जाती है। जिसमे निशुल्क लाइब्रेरी के साथ उनको मेंटरशिप भी दी जाती है। हाल ही में इसी संस्था के आठ बच्चो ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी जबकि ग्यारहवीं एवं डिप्लोमा में आधा दर्जन बच्चों का चयन हुआ था। उक्त जानकारी कैरियर कैटलिस्ट के आफताब साबिर ने दी।

# फंदे से लटकता मिला किशोरी का शव: माता-पिता घर के बाहर काम पर थे

## मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा



रोते बिलखते परिजन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर मजरे करनाईपुर में रविवार दोपहर दो बजे करीब एक दुखद घटना सामने आई है।यहां 16 वर्षीय सृष्टि शर्मा ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी।सृष्टि के पिता का नाम सरवन कुमार है।घटना के समय सृष्टि के माता-पिता रोजी-रोटी के लिए बाहर गए हुए थे। दोपहर में सृष्टि ने छत पर गेहूं फैलाया और फिर अपने कमरे में चली गई।जब वह लंबे समय तक कमरे से बाहर नहीं निकली, तो पड़ोसियों ने जांच की। उन्होंने देखा कि सृष्टि का शव कमरे में फंदे से लटक रहा है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संग्रामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का सही कारण पता चल पाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ऐतिहासिक कालेवीर बाबा मंदिर को मिलेगा नया पर्यटन स्वरूप.....

## सौंदर्यीकरण के लिए पर्यटन विभाग ने शुरू कराया सर्वेक्षण कार्य

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बे में स्थित ऐतिहासिक कालेवीर बाबा मंदिर को अब एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा इसके लिए पर्यटन विभाग के निर्देश पर मंदिर परिसर और उसके आसपास के क्षेत्र का सर्वेक्षण कार्य शुरू कर दिया गया है यह पहल न केवल धार्मिक आस्था से जुड़े इस स्थल को नई पहचान देगी बल्कि स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा देगी सर्वेक्षण कार्य की जिम्मेदारी सर्वेयर सुरेन्द्र प्रताप सिंह और असिस्टेंट कृष्णेंद्र प्रताप सिंह को सौंपी गई है टीम ने मंदिर परिसर का भौगोलिक और भौतिक निरीक्षण कर आवश्यक तथ्यों को संकलित करना शुरू कर दिया है इसके आधार पर सौंदर्यीकरण आधारभूत ढांचे के विकास और यात्री सुविधाओं की रूपरेखा तय की जाएगी पर्यटन मानचित्र पर आएगा कालेवीर बाबा मंदिर पर्यटन विभाग की योजना है कि



कालेवीर बाबा मंदिर को क्षेत्रीय पर्यटन मानचित्र पर लाया जाए जिससे यह स्थल धार्मिक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से प्रमुख केंद्र बन सके मंदिर का इतिहास और क्षेत्रीय मान्यता इसे एक महत्वपूर्ण धार्मिक धरोहर बनाती है जिसे अब सरकार संरक्षित और सुसज्जित स्वरूप देना चाहती है इस पहल की खबर जैसे ही स्थानीय लोगों तक पहुंची खुशी और गर्व की लहर दौड़ गई वर्षों से उपेक्षित इस धरोहर को नया जीवन मिलने की उम्मीद जताई जा रही है स्थानीय श्रद्धालुओं और व्यापारियों का मानना है कि पर्यटन के बढ़ने से केवल मंदिर की पहचान बढ़ेगी व रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा मंदिर समिति के व्यवस्थापक देवेंद्र पाण्डेय ने कहा मंदिर का सौंदर्यीकरण मोहनलालगंज क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है वर्षों से हम सभी इसकी आवश्यकता महसूस कर रहे थे अब सरकार की पहल से यह सपना साकार होता दिख रहा है।

### निकट भविष्य में हो सकते हैं बड़े बदलाव.......

पर्यटन विभाग द्वारा सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार होने के बाद, मंदिर परिसर में प्रवेश द्वार, विश्राम स्थल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, पेयजल और पार्किंग जैसी सुविधाओं का विकास प्रस्तावित किया जा सकता है साथ ही मंदिर की प्राचीनता को बरकरार रखते हुए सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे।

# तीन मंजिला मकान पर गिरी आकाशीय बिजली

## छत जलकर खाक, एक कबूतर की मौत

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। गोसाईगंज के घुसकर गांव में रविवार दोपहर करीब 1:10 बजे एक तीन मंजिला मकान पर आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा हो गया। तेज बारिश के बीच हुए इस हादसे में मकान की छत पूरी तरह जल गई और क्रैक हो गई, जिससे वह किसी भी समय गिरने की स्थिति में है। गनीमत रही कि घटना के समय मकान खाली था, वरना बड़ा नुकसान हो सकता था।

मकान के मालिक बढ़काऊ कनौजिया, जो वर्तमान में मुंबई में अपने परिवार के साथ रहते हैं, के भाई अजय कनौजिया इस खाली मकान की देखभाल करते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, दोपहर करीब 1:20 बजे तेज आवाज के साथ बिजली गिरी, जिससे पूरा गांव दहल गया। बिजली गिरने से छत पर रखा कूलर, पलंग और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। हादसे में एक कबूतर की मौत हो गई, जबकि कई अन्य पक्षी भी चपेट में



आए। आसपास के पड़ोसियों ने तत्परता दिखाते हुए मकान का ताला तोड़कर आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग बुझा ली। हालांकि, छत की स्थिति इतनी जर्जर हो गई है कि कोई भी व्यक्ति ऊपर जाने का जोखिम नहीं उठा सका। स्थानीय प्रशासन को घटना की सूचना दे दी गई है, और प्रशासनिक अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मकान की मरम्मत और सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है।

# मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिनांक 12.07.2025 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद सोनभद्र के समस्त थानों पर गठित मिशन शक्ति टीम व एण्टी रोमियो टीमों द्वारा व्यापक रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।इस अभियान के अंतर्गत महिला पुलिस कर्मियों व मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में स्थित प्रमुख बाजारों, कस्बों, स्कूलों/कॉलेजों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य भीड़-भाड़ वाले महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर पहुँचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके सुरक्षा अधिकारों, सशक्तिकरण योजनाओं एवं सहायता संसाधनों के प्रति जागरूक किया गया।

# प्राथमिक शिक्षक संघ की मौदहा ब्लॉक इकाई का चुनाव संपन्न

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ पंजीयन संख्या 1160 जनपद हमीरपुर की ब्लॉक इकाई मौदहा का चुनाव ब्लॉक संसाधन केंद्र मौदहा में जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न कराया गया। उक्त चुनाव में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष राम प्रकाश साहू उपस्थित रहे। चुनाव पर्यवेक्षकों की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया आरंभ कराई गई। पहले ब्लॉक अध्यक्ष पद पर दो नामांकन आए किंतु बाद में सदन में उपस्थित सभी शिक्षकों की आम सहमति बन जाने से अंबरीश कुमार स० अ० प्राथमिक विद्यालय काछिन डेरा को पुनः ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। चंद्रभान कुशवाहा सहायक



अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय की पिपरौंदा को आम सहमति से ब्लॉक मंत्री मौदहा निर्विरोध चुना गया। हरिश्चंद्र प्रजापति स०अ० उच्च प्राथमिक विद्यालय रीवन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मौदहा, चंद्रकांत वर्मा को संयुक्त मंत्री, गया प्रसाद प्र०अ० प्राथमिक विद्यालय सिचोली पूरवा को कोषाध्यक्ष, सुरेश प्रजापति स० अ० प्राथमिक विद्यालय मुटनी डेरा को उपाध्यक्ष, रवि कुमार स०अ० को संगठन मंत्री, रामप्रकाश श्रीवास एवं अमित कुमार को प्रचार मंत्री चुना गया। ब्लॉक अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि इस बार सभी साथियों ने हमें मौका दिया है हम शिक्षकों के हित में सदैव उपस्थित रहेंगे तथा नियमित बैठके करेंगे। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष राम प्रकाश साहू ने सभी पदाधिकारी एवं शिक्षक साथियों को संबोधित करते हुए बताया कि ब्लॉक इकाई मौदहा का संगठन इस बार मजबूती से चलाया जाए। अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ा जाए और मासिक बैठक आयोजित की जाए जिससे शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण समय से किया जा सके। बैठक में उपस्थित शिक्षक अमित त्रिपाठी, श्याम सिंह, बृजराज, अरविंद द्विवेदी, अमित रीवन, राजीव निगम, नंदलाल, हरिश्चंद्र प्रजापति, जहीर अहमद, रामबाबू, रूपराम, ब्रजकिशोर साहू, राजबहादुर, रवि, आनंद, धीरज, नितेंद्र गुप्ता, राघवेंद्र सिंह, रामकृष्ण, राम प्रकाश श्रीवास सहित कई लोगों ने अपने विचार रखें। इस दौरान सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहें।

# आकाशीय बिजली गिरने से मकान की छत चिटकी

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के घुसकर गांव में रविवार की रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया जब गांव निवासी अजय कनौजिया के तीन मंजिला मकान पर रात करीब 1:40 बजे आकाशीय बिजली गिर गई इस हादसे में मकान की छत बुरी तरह चिटक गई और उसमें आग लग गई जिससे ऊपर रखा सारा सामान और कई कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर खाक हो गए प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज गर्जना के साथ अचानक बिजली गिरी और उसके कुछ ही क्षणों में मकान की छत से धुआं उठने लगा। बिजली गिरते ही आग लग गई जिसने देखते ही देखते छत को चपेट में ले लिया इस हादसे में एलईडी टीवी फ्रिज इन्वर्टर पंखे मोटर पंप व अन्य घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामान पूरी तरह जल गए सामान जलने से भारी नुकसान, छत गिरने का खतरा आकाशीय बिजली के कारण इमारत की चारों दीवारें तो सुरक्षित रहीं लेकिन छत चिटककर इतनी क्षतिग्रस्त हो गई कि वह किसी भी समय गिर सकती थी आग की भयावहता को देखते हुए कोई भी व्यक्ति ऊपर नहीं चढ़ सका छत के नीचे रखा फर्नीचर कपड़ें बिस्तर, जरूरी दस्तावेज आदि भी जलकर राख हो गए घटना के दौरान छत पर बने घोंसलों में रह रहे कई पक्षी भी आग की चपेट में आकर मारे गए यह दृश्य काफी मार्मिक था और ग्रामीणों को झकझोर कर रख गया।

### प्रशासन मौके पर, राजस्व टीम कर रही नुकसान का आकलन.....

घटना की सूचना मिलते ही गोसाईगंज पुलिस और स्थानीय तहसील प्रशासन मौके पर पहुंच गया राजस्व विभाग की टीम ने क्षति का जायजा लिया और नुकसान का पंचनामा तैयार करना शुरू कर दिया है अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है घटना से सदमे में आए अजय कनौजिया का पूरा परिवार असहाय स्थिति में है गांववासियों ने प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता व उचित मुआवजा देने की मांग की है ताकि परिवार दोबारा अपने जीवन को सामान्य बना सके।

# बच्चों की कहासुनी बना झगड़े की वजह चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। निगोहां थाना क्षेत्र के मीरानपुर गांव में बच्चों के बीच हुई मामूली कहासुनी से दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष के चार लोगों ने मिलकर दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया जिससे पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। वही घायल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है

मामला बीते शुक्रवार की देर शाम की है लेकिन पीड़ित द्वारा शनिवार को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है घटना मीरानपुर गांव निवासी सत्यनाम पुत्र हनुमान के बेटे का गांव





के ही सुजीत पुत्र सीताराम से खेल के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी बच्चों की इस मामूली बहस ने तब बड़ा रूप ले लिया जब सुजीत ने अपने परिजनों के साथ मिलकर सत्यनाम के घर आकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी वही पीड़ित सत्यनाम का आरोप है कि जब वह अपने बच्चे को सरकारी स्कूल छोड़ने जा रहा था तभी रास्ते में घात लगाकर बैठे सुजीत, सुमित, अमित व अजहर ने उसे रोक लिया और लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया हमले में उसे गंभीर चोटें आईं जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि, पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# दंपति पर जानलेवा मामले में इलाज के दौरान पति की मौत

## जानलेवा मामले के मुख्य आरोपी पिता-पुत्र पुलिस ने किया गिरफ्तार.....

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के जैतीखेड़ा गांव में शनिवार की देर रात एक दंपति पर कुल्हाड़ी और डंडों से किए गए जानलेवा हमले में पति की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की वारदात का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने हमले में प्रयोग किये गए कुल्हाड़ी व डंडा भी बरामद कर लिया है घटना को लेकर क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है वही घटना में हुवे मृत की पहचान राम पुत्र राधेलाल 42 वर्षीय के रूप में हुई है जबकि मृतक की पत्नी रेनू गंभीर रूप से घायल है जो अस्पताल में जिंदगी के लिए





संघर्ष कर रही हैं । घटनाक्रम मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के जेतीखेड़ा गांव निवासी रेनू पत्नी राम ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते शुक्रवार की रात पड़ोसी गया प्रसाद और उसका बेटा गणेश प्रसाद अचानक उनके घर में घुस आए और पुरानी रंजिश के चलते दोनों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया आरोप है कि दोनों ने मिलकर राम और रेनू को लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से पीटना शुरू कर दिया जिससे दोनों लहूलुहान हो गए गंभीर रूप से घायल राम को इलाज के लिए आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां रविवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई पत्नी रेनू की हालत भी चिंताजनक बनी हुई है और उसका इलाज जारी है घटना की सूचना मिलते ही मोहनलालगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई और त्वरित कार्रवाई शुरू हुई टीम ने सक्रियता दिखाते हुए रविवार को ही दोनों आरोपियों को जेतीखेड़ा गांव के पास से दबोच लिया गया वही पूछताछ के दौरान दोनों ने अपने अपराध को स्वीकार कर लिया पुलिस ने उनके पास से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और डंडा के साथ अभियुक्तो गया प्रसाद और गणेश प्रसाद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। वही थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने आमजन से अपील की है कि किसी भी विवाद की स्थिति में कानून हाथ में लेने की बजाय पुलिस से संपर्क करें उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# धनुष की 'कुबेर' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगी रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता धनुष की फिल्म 'कुबेर' को 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। नागार्जुन अक्किनेनी और रश्मिका मंदाना ने भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है। इस फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब 'धनुष' अपनी ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है। 'कुबेर' का प्रीमियर 18 जुलाई, से ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं।



## लाइफ Style

# रोशनी

## 'सन ऑफ सरदार 2' में आएंगी नजर

अभिनेता अजय देवगन जल्द ही फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान विजय कुमार अरोड़ा ने संभाली है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सन ऑफ सरदार 2' में मृणाल ठाकुर, नीरू बाजवा, संजय दत्त और रवि किशन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। अभिनेत्री रोशनी वालिया भी इस फिल्म का हिस्सा हैं, जिनकी इस वक्त खूब चर्चा हो रही है। रोशनी वालिया बॉलीवुड की एक उभरती हुई अभिनेत्री हैं। उनका जन्म 20 सितंबर, 2001 को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुआ था। 24 वर्षीय रोशनी वर्तमान में मुंबई में रहती हैं। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई प्रयागराज से ही पूरी की है। हालांकि, उन्हें बचपन से ही अभिनय में रुचि थी, जिसके चलते उन्होंने मुंबई का रुख किया और विज्ञापनों में काम किया। रोशनी ने टीवी शो 'मैं लक्ष्मी तेरे आंगन की' के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था।


रोशनी ने 'बालिका वधूः कच्ची उमर के पक्के रिश्ते', 'देवों के देव... महादेव', 'ये वादा रहा' और 'भारत का वीर पुत्रः महाराणा प्रताप' जैसे धारावाहिकों में भी काम किया है। वह वेब सीरीज 'नाम नमक निशान' में नजर आ चुकी हैं। रोशनी ने कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा की फिल्म 'फिरंगी' में भी अभिनय किया है। अब वह 'सन ऑफ सरदार 2' के जरिए बड़े पर्दे पर धमाल मचाती नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# सेंसर बोर्ड पर भड़के भारतीय दर्शक

**नई दिल्ली।** भारत में 'सुपरमैन' देखने गए दर्शक निराश हुए क्योंकि फिल्म से किसिंग सीन हटा दिए गए थे। सोशल मीडिया पर लोगों ने सेंसरशिप की आलोचना की। सीबीएफसी ने कथित तौर पर कई सारी एडिटिंग की है, जिसमें डेविड और रेचल के बीच 33 सेकंड के किसिंग सीन को छोटा कर दिया गया है। उनका कहना है कि सीबीएफसी एक साधारण किस दिखाने की इजाजत नहीं दे रहा है। सोशल मीडिया पर लोगों के शिकायतों की बाढ़ आ गई, कई फैंस ने सेंसरशिप की आलोचना की और उन रोमांटिक सीन्स को काटने के पीछे के कारण पर सवाल उठाए जिन्हें वे मानक मानते थे।




# 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का सीन हुआ लीक...

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस को 'एवेंजर्स' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का बेसब्री से इंतजार है। मार्वल स्टूडियो के लिए भी यह फिल्म बहुत मायने रखती है, क्योंकि 2019 में 'एवेंजर्सः एंडगेम' के बाद से एमसीयू की किसी भी फिल्म ने वो सफलता नहीं पाई है, जिसकी इससे उम्मीद रहती है। 'डूम्सडे' जहां 2026 में रिलीज होगी, वहीं उससे पहले 25 जुलाई को 'फैंटास्टकि फोरः फर्स्ट स्टेप्स' भी आ रही है। बहरहाल, इस बीच 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के सेट से कुछ नई तस्वीर सामने आई हैं, जिसके बाद यह कहा जा रहा है कि फिल्म का प्लॉट लीक हो गया है! 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के सेट से जो नई तस्वीरें आई हैं। दरअसल, तस्वीर में फैंटास्टिक फोर के द थिंग, थंडरबोल्ट्स के यूएस एजेंट और द फाल्कन को एक ही फ्रेम में देखा जा रहा है।



# बैटल ऑफ गलवान में आएंगी नजर

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान पिछले कुछ दिनों से फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान अपूर्व लाखिया को सौंपी गई है। इस फिल्म में सलमान की जोड़ी अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब चित्रांगदा ने पहली बार सलमान के साथ काम करने को लेकर अपनी उत्सुकता साझा की है। चित्रांगदा ने बताया कि वह फिल्म में शामिल होने पर बेहद खास महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा, मुझे आज भी याद है कि मिस्टर खान कहते थे कि हमें साथ काम करने का मौका जरूर मिलेगा और आखिरकार अब ऐसा हो रहा है। जैसे कि सलमान कहते हैं, 'एक बार मैंने कमिटमेंट कर दी तो मैं अपने आप की भी नहीं सुनता।'



# शनाया की पहली फिल्म देख भावुक हुई मां

**मुंबई।** अभिनेता विक्रांत मैसी की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' आखिरकार 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए अभिनेता संजय कपूर और उद्यमी महीप कपूर की बेटी शनाया कपूर ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। अब शनाया की पहली फिल्म देख उनकी मां महीप भावुक हो गई हैं। उन्होंने अपनी खुशी साझा की है। महीप ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर पर शनाया की बचपन की तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मेरी बच्ची की पहली फिल्म सिनेमाघरों में आ गई है। भगवान का आभार। आंखों की गुस्ताखियां आपके नजदीकी सिनेमाघरों में।' बता दें कि इससे पहले फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर शनाया के लिए एक खास संदेश लिखा। उन्होंने अभिनेत्री की तारीफ में लंबा-चौड़ा नोट लिखा था।

## टीवी मसाला



# एकता कपूर ने बताया क्यों लौट रहा 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी'

**मुंबई।** इन दिनों अगर छोटे पर्दे का कोई धारावाहिक सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोर रहा है तो वो है 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2'। इसकी पहली झलक से लेकर कहानी और किरदार तक सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। दर्शक टीवी पर इस शो की वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और उत्सुकता होना भी जायज है, क्योंकि 25 साल बाद यह लोकप्रिय शो लौट रहा है। हाल ही में निर्माता एकता कपूर ने इस पर बात की।

***दूसरा सीजन लाने में झिझक रही थीं एकता :*** एकता ने सोशल मीडिया पर बताया कि आखिर क्यों इतने लंबे समय बाद अब वह ये शो लेकर आ रही हैं। उन्होंने लिखा, 'जब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के 25 साल पूरे होने वाले थे और इसे फिर लॉन्च करने का विचार सामने आया तो मेरी पहली प्रतिक्रिया थी, नहीं! मैं क्यों उन पुरानी यादों को छेड़ना चाहूंगी? मैं अपने बचपन को जैसे याद करती हूं और वो वास्तव में वैसा ही था। वो हमेशा अलग रहेगा।'

***एकता के मन में आए ये सवालः*** एकता आगे लिखती हैं, 'टीवी की दुनिया अब बदल चुकी है। जो कभी सिर्फ 9 शहरों पर निर्भर थी, अब दर्शक अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर बिखरे हुए कंटेंट को टुकड़ों में देखते हैं। क्या यह बदलाव 'क्योंकि' की उस ऐतिहासिक टीआरपी को हिला पाएगा, जिसे पहले और बाद में कोई नहीं छू सका? लेकिन क्या यही इस शो की असली विरासत थी? क्या ये सिर्फ एक सबसे ज्यादा टीआरपी वाला शो था?


***ये सिर्फ एक डेली सोप नहीं था- एकता :*** एकता ने लिखा, 'इस शो ने भारतीय घरों की महिलाओं को आवाज दी। साल 2000 से 2005 के बीच पहली बार ऐसा हुआ कि महिलाएं परिवार की बातचीत का हिस्सा बनने लगीं। इसने भारत की कहानी कहने की परंपरा को पूरी दुनिया तक पहुंचाया। ये सिर्फ एक डेली सोप नहीं था, बल्कि इसने घरेलू शोषण, उम्र को लेकर ताने, और इच्छा मृत्यु जैसे मुद्दों को घर-घर में चर्चा का विषय बना दिया। यही थी उस कहानी की असली विरासत।'

### इतनी फीस ले रहीं स्मृति ईरानी

एकता कपूर के लोकप्रिय शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के दूसरे सीजन में एक बार फिर स्मृति ईरानी 25 साल बाद एक बार फिर तुलसी बनकर लौट रही हैं। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का पहला प्रोमो रिलीज हो चुका है, जिसमें स्मृति तुलसी की पूजा करती दिख रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अमुसार, 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में एक बार फिर तुलसी की भूमिका निभाने के लिए स्मृति को निर्माताओं को ओर से प्रतिदिन 14 लाख रुपये का भुगतान किया जा रहा है। इसी के साथ वह भारतीय टेलीविजन की सबसे अधिक कमाई करने वाली अभिनेत्री बन गई हैं। आपको यह जानकार हैरानी होगी कि स्मृति को पहले सीजन के लिए प्रतिदिन 1,800 रुपये मिलते थे। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद इसका खुलासा किया था।

# 'सन ऑफ सरदार 2' का ट्रेलर रिलीज 'जस्सी' बने अजय

**मुंबई।** आने वाले दिनों में कई हिट फिल्मों के सीक्वल दर्शकों के बीच होंगे। इन्हीं में एक है 'सन ऑफ सरदार 2', जिसकी राह दर्शक बड़ी बेसब्री से देख रहे हैं। फिल्म के हीरो अजय देवगन हैं, जो पिछली बार अपनी हिट फिल्म 'रेड' का सीक्वल 'रेड 2' लेकर आए थे और एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर गए थे। अब उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है।



### कैसा है फिल्म का ट्रेलर?

अजय जब साल 2012 में फिल्म 'सन ऑफ सरदार' लेकर आए थे तो दर्शक हंसते-हंसते लोटपोट हो गए थे। उनकी कॉमिक टाइमिंग जबरदस्त थी। जस्सी रंधावा बनकर उन्होंने इस फ्रेंचाइजी में वापसी की है। ट्रेलर में कॉमेडी के साथ-साथ अजय ने एक्शन का भी तड़का लगाया है। हालांकि, इस बार सरदार बने जस्सी और उनकी टोली खास जम नहीं रही है। इसमें मृणाल ठाकुर, नीरू बाजवा, साहिल मेहता, संजय दत्त और रवि किशन जैसे सितारे भी नजर आ रहे हैं।


### ट्रेलर देख क्या बोले लोग?

ट्रेलर देख एक यूजर ने लिखा, 'जस्सी अपने जबरदस्त डायलॉग्स संग लौट आया है।' एक ने लिखा, 'ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर है पाजी।' एक कमेंट है, 'ट्रेलर इतना झक्कास है तो फिर फिल्म तो पक्का ब्लॉकबस्टर होगी।' उधर कुछ लोगों ने इसे बकवास बताया है। उनका कहना है कि इससे बढ़िया तो पहले वाली फिल्म दोबारा देख लेते। एक ने लिखा, 'कबाड़ा कर दिया सीक्वल का।' उधर कुछ लोगों को ट्रेलर देख दिवंगत अभिनेता मुकुल देव की याद आ गई है।

# 'मालिक' ही नहीं, देखिए मार-धाड़ से लबरेज बॉलीवुड की ये गैंगस्टर फिल्में

*मुंबई। अभिनेता राजकुमार राव फिल्म 'मालिक' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार मानुषी छिल्लर नजर आ रही हैं। राजकुमार पहली बार पर्दे पर गैंगस्टर बन मार-पिटाई करते दिखे हैं और उनका यह एक्शन अवतार प्रशंसकों को खूब भा रहा है। वैसे 'मालिक' से पहले भी बॉलीवुड में कई ऐसी शानदार गैंगस्टर फिल्में बन चुकी हैं, जिनमें एक्शन के साथ-साथ हीरो की डॉनगिरी आकर्षण का केंद्र रही।*

***'वास्तव'*** *: महेश मांजरेकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त ने 'रघु भाई' बनकर धमाल मचा दिया था। फिल्म में बहुत ही शानदार तरीके से मुंबई अंडरवर्ल्ड और नेताओं के रिश्ते को दिखाया गया है। आईएमडीबी ने इसे 8 की रेटिंग से नवाजा है। 7 करोड़ रुपये के बजट वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 20 करोड़ रुपये कमाए थे। अमेजन प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर यह फिल्म देखी जा सकती है।*



***'सत्या'*** *: राम गोपाल वर्मा के निर्देशन वाली गैंगस्टर फिल्म सत्या से ही मनोज बाजपेयी को बॉलीवुड में पहचान मिली थी या कहें यही वो फिल्म थी, जो उनके करियर में मील का पत्थर साबित हुई। भीखू महात्रे की भूमिका में मनोज ने अपनी तगड़ी एक्टिंग से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। दो करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने 15 करोड़ रुपये कमाए थे। आईएमडीबी पर 8.2 रेटिंग वाली ये फिल्म सोनी लिव और यूट्यूब पर मौजूद है।*

***'गैंग्स ऑफ वासेपुर'*** *: इस फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया था। जब भी बॉलीवुड की बेहतरीन गैंगस्टर फिल्मों की बात होती है तो 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' का जिक्र जरूर होता है। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने फैजल खान का किरदार निभाकर पर्दे पर तबाही मचा दी थी। 8.2 रेटिंग लेने वाली 3 परिवारों के बीच की दुश्मनी और राजनीति पर आधारित इस फिल्म का लुत्फ आप नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर ले सकते हैं।*

***'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई' और 'मकबूल'*** *: आईएमडीबी पर 7.4 रेटिंग पा चुकी अजय देवगन, इमरान हाशमी और कंगना रनौत की वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई बेहतरीन गैंगस्टर फिल्मों में से एक है। इसके हरेक सीन पर तालियां बजी थी। आईएमडीबी पर इसे 7.4 रेटिंग मिली है। उधर बॉलीवुड में अलग धाक जमाने वाले दिवंगत अभिनेता इरफान खान ने फिल्म 'मकबूल' में 'मकबूल' बनकर दर्शकों का दिल जीत लिया था। इसकी रेटिंग 8.0 है। दोनों फिल्में अमेजन प्राइम वीडियो, एमएक्स प्लेयर और यूट्यूब पर हैं।*

## फिल्म 2 जिद्दी लोगों के बीच अहंकार की लड़ाई देखने को मिलेगी

# 'लव एंड वॉर' में रणबीर-विक्की के बीच भयानक भिड़ंत, बनेगा भव्य सेट

*मुंबई। निर्देशक संजय लीला भंसाली अपनी भव्य फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उनकी पिछली वेब सीरीज 'हीरामंडी' उदाहरण के लिए काफी है। अब भंसाली की अगली फिल्म का उनके प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले काफी समय से वह फिल्म 'लव एंड वॉर' की शूटिंग कर रहे हैं, जिसे लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर है। फिल्म से जुड़ी अब कुछ ऐसी जानकारियां सामने आई हैं, जिनके बाद इसकी राह देख रहे दर्शकों की बेताबी और बढ़ जाएगी।*

### जबरदस्त टक्कर देख रोंगटे खड़े हो जाएंगे

रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त में रणबीर कपूर और विक्की कौशल के बीच एक जबरदस्त सीक्वेंस की शूटिंग होने वाली है, जिसे देख दर्शकों रोंगटे खड़े हो जाएंगे। भंसाली की टीम इस वक्त एक काफी बड़ा सेट तैयार करने में लगी है, जहां नई पीढ़ी के ये 2 सबसे दमदार सितारे एक-दूसरे से भिड़ते दिखेंगे। भंसाली ने रणबीर और विक्की के बीच डायलॉग से भरे इस झन्नाटेदार सीन को प्लान और डिजाइन करने में काफी वक्त लगाया है।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

बता दें कि रणबीर और विक्की ने इस फिल्म के लिए शारीरिक तौर पर काफी बदलाव किए हैं। रणबीर ने जहां 12 किलो वजन घटाया है तो वहीं विक्की ने भी 15 किलो वजन कम किया है। अगर सब योजना के मुताबिक चलता रहा, तो मार्च 2026 तक इस फिल्म को रिलीज किया जा सकता है। ये फिल्म वॉर के बैकग्राउंड पर सेट एक लव स्टोरी है, जिसमें 2 जिद्दी लोगों के बीच अहंकार की लड़ाई देखने को मिलेगी।



### कब पूरी होगी 'लव एंड वॉर' की शूटिंग?

सूत्र ने बताया कि 'लव एंड वॉर' की 100 दिनों की शूटिंग पूरी हो चुकी है। 90 दिनों की शूटिंग अभी बाकी है। भंसाली 2025 के अंत तक 'लव एंड वॉर' की शूटिंग पूरी करना चाहते हैं। हालांकि, शूटिंग का एक बड़ा हिस्सा मुंबई के अलग-अलग स्टूडियो में शूट होगा, लेकिन टीम ने अक्टूबर के बाद यूरोप में एक आउटडोर शूटिंग की भी योजना बनाई है। अपनी बाकी फिल्मों की तरह ही भंसाली इसे भी काफी नाप-तौलकर बना रहे हैं।

### पहली बार दिखेगी रणबीर, विक्की और आलिया

*ये एक ऐसी फिल्म है, जो रणबीर और विक्की द्वारा निभाए गए 2 मजबूत किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है। दोनों का कनेक्शन आलिया भट्ट के किरदार के साथ दिखाया जाएगा, क्योंकि ये एक लव ट्रायएंगल फिल्म है। रणबीर और विक्की दोनों इस फिल्म में आर्मी अफसर की भूमिका में होंगे। आलिया और रणबीर पहले 'ब्रह्मास्त्र' में साथ काम कर चुके हैं. वहीं 'संजू' में रणबीर ने विक्की के साथ काम किया है। अब तीनों को एक साथ देखना दिलचस्प होगा।*